राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 302
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 25 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में 25 से 29 तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो
पेज 4 वर्षों से अवैध रूप से चल रहा क्लिनिक आखिरकार हुआ सील
पेज 6 अभिषेक 900 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय

## संक्षिप्त खबरें

### साइंस टीचर ने नाबालिग छात्र से कुकर्म किया

तरनतारन। पंजाब के तरनतारन में सरकारी स्कूल के साइंस टीचर (50) ने नाबालिग छात्र से कुकर्म किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें टीचर और छात्र आपत्तिजनक हालत में दिख रहे हैं। ये वीडियो पेन ड्राइव में था, जो स्कूल के बाहर पड़ी मिली। जिला बाल सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक छात्र को आरोपी टीचर ने 40 रुपए का लालच दिया। वहीं वीडियो बनाने वाला भी नाबालिग ही था। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। अधिकारी ने बताया कि एसएचओ ने आरोपी को थाने बुलाने के बाद यह कहते हुए छोड़ दिया कि पीड़ित नाबालिग की पहचान नहीं हो पाई है।

### लैंड फॉर जॉब केस-लालू-राबड़ी को हाजिर होने के आदेश

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 13 अक्टूबर को राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि जिन लोगों को रेलवे में नौकरी मिली, उनके परिजन ने जो जमीनें लालू परिवार को दीं, वे जमीनें सर्कल रेट पर दर्ज थीं, जबकि उस समय का मार्केट रेट सर्कल रेट से चार से छह गुना ज्यादा था। यानी जमीनों की वैल्यू को जानबूझकर कम दिखाया गया और कम कीमत पर लालू परिवार के नाम की गईं।

# लद्दाख में हिंसा, 4 लोगो की मौत, 72 घायल : शहर में मार्च-रैली बैन

## राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने लेह में भाजपा ऑफिस जलाया






**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। भाजपा ऑफिस और CRPF की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है। ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने आज बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई।

### हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा

यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं।

### 6 अक्टूबर को सरकार के साथ बैठक

इन मांगों को लेकर सरकार के साथ बैठक दिल्ली में 6 अक्टूबर को होगी।

साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था।

### सोशल मीडिया से भीड़ जुटाई

आंदोलनकारियों ने मंगलवार की रात को 24 सितंबर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे।

### पुलिस-प्रदर्शनकारियों की झड़प

लेह हिल काउंसिल के सामने आंदोलनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा रखे थे। जब आंदोलन कारी आगे बढ़े तो पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, लेकिन भीड़ ने पुलिस की गाड़ी जलाई और तोड़फोड़ की।

# सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी। यह पहली बार है जब कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होगी। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक होने की संभावना है। जबकि दूसरी बार परीक्षा 15 मई से 1 जून तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक होने की संभावना है। भारद्वाज ने कहा, सामान्य दिशानिर्देश के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और 12 दिन के भीतर पूरा हो जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि कक्षा 12वीं की फिजिक्स की परीक्षा 20 फरवरी, 2026 को होगी, तो मूल्यांकन 3 मार्च, 2026 को शुरू होगा और 15 मार्च, 2026 तक समाप्त होगा।

### नए एग्जाम पैटर्न की 3 अहम बातें

दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी।

विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी।

अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प'



पटना में 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' के शुभारंभ के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और अन्य नेता।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य गिरफ्तार

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल और एक अन्य आरोपी को कथित छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। चैतन्य 18 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से न्यायिक हिरासत में थे और जेल में बंद थे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों ने प्रोडक्शन वारंट प्राप्त करने के बाद चैतन्य को अदालत में पेश किया। एजेंसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, उन्हें और एक अन्य आरोपी दीपेन चावड़ा को शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया और यहां एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 6 अक्टूबर तक एसीबी/ईओडब्ल्यू की हिरासत में भेज दिया।


# पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

## आतंकियों के आने-जाने और छिपने का इंतजाम किया था

**श्रीनगर।** पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार पकड़ा गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार शाम को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम यूसुफ कटारी है। 26 साल का आरोपी कुलगाम का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी यूसुफ ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। उसे गिरफ्तार करने के बाद 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है।

इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि आरोपी कटारी स्थानीय बच्चों को पढ़ाता था। कुछ दिन पहले वह आतंकियों के संपर्क में आया और फिर उनकी मदद करने लगा। पुलिस को कटारी के बारे में सुराग ऑपरेशन महादेव में बरामद हथियारों की जांच के दौरान मिला। इससे पता चला कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से पहले भी उसने कुलगाम के जंगलों में लश्कर के आतंकियों की मदद की थी।



आरोपी का नाम यूसुफ कटारी है। वह कुलगाम का रहने वाला है।

### ऑपरेशन महादेव की वजह से हुई गिरफ्तारी

कटारी की गिरफ्तारी ऑपरेशन महादेव के दौरान जब्त हथियारों की जांच की वजह से हुई। इससे पहले जून में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था।

जांच में पता चला कि तीन आतंकियों लश्कर कमांडर सुलेमान शाह, अफगान और जिबरान ने यह हमला किया था। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में इन तीनों आतंकियों को मार गिराया गया था।

# दिल्ली में कॉलेज प्रमुख पर यौन शोषण का आरोप, जबरन छूता था

## 17 छात्राएं बोलीं- अश्लील मैसेज भेजे, फैकल्टी कहती थी- उसकी बात मानो

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट के पूर्व चीफ स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 स्टूडेंट्स से यौन शोषण के आरोपों का बुधवार को खुलासा हुआ।

छात्राएं इंस्टीट्यूट में EWS स्कॉलरशिप के तहत PGDM (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कर रही हैं।

चैतन्यानंद पर उनसे गंदी बातें करने, अश्लील मैसेज भेजने और जबरन छूने का आरोप है। चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी के खिलाफ 4 अगस्त को वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। तब वह इंस्टीट्यूट का प्रमुख था। उसे 9 अगस्त को पद से हटाकर निष्कासित किया गया था।



एफआईआर दर्ज होने के बाद से चैतन्यानंद फरार है। पुलिस को यूपी के आगरा में उसकी लोकेशन मिली है। दिल्ली पुलिस ने शारदा इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से चैतन्यानंद की एक वॉल्वो कार जब्त की है।

कार पर यूनाइटेड नेशन की नंबर प्लेट लगी थी। आमतौर पर ऐसे नंबर राजनयिकों को जारी किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि चैतन्यानंद को यह नंबर ह से जारी नहीं हुआ था। उसने खुद ही लिखवाया था।

दिल्ली स्थित शारदा इंस्टीट्यूट कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित दक्षिणाम्नॉय श्री शारदा पीठ की शाखा है। पीठ ने पूरे मामले पर बयान जारी कर कहा कि स्वामी चैतन्यानंद का आचरण और गतिविधियां अवैध और पीठ के हितों के खिलाफ हैं, इसलिए पीठ का उससे कोई संबंध नहीं है।

# महाराष्ट्र के 5 जिलों में बाढ़, 8 लोगों की मौत

## बंगाल में 10 की जान गई; मध्यप्रदेश से मानसून की वापसी शुरू



**मुंबई/ नई दिल्ली/ हैदराबाद/ कोलकाता।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है।

एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है।

इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं। 10 में से 9 लोगों की मौत करंट लगने से हुई। कोलकाता के कई इलाके लगातार दूसरे दिन जलमग्न हैं।

कोलकाता में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक 251.4 मिमी बारिश हुई थी। कोलकाता में 39 साल बाद एक दिन में इतनी ज्यादा बारिश हुई थी। इससे पहले 26 सितंबर 1986 को एक दिन में 259.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

भारी बारिश के चलते पूरा कोलकाता के ज्यादातर इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। 30 से ज्यादा फ्लाइट्स और कई ट्रेनें कैंसिल की गईं। स्कूल-कॉलेजों में 25 सितंबर तक छुट्टी की गई है। मूसलाधार बारिश से कई दुर्गा पूजा पंडालों और मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।

### सीएम फडणवीस बोले- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 17 टीमें रेस्क्यू में लगीं



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को राज्य में बाढ़ की स्थिति पर बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की लगभग 17 टीमें प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू के कामों में जुटी है। सीएम ने कहा- धाराशिव में एनडीआरएफ की मदद से लोगों को हेलिकॉप्टरों से निकाला गया है। सीएम फडणवीस ने बताया कि उन्होंने किसानों के लिए 2,215 करोड़ रुपए के ऑर्डर जारी किए हैं। इसके अलावा, किसानों को 1,829 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। सीएम ने कहा- हमने किसानों को तत्काल मुआवजा देने का फैसला किया है। अगले 10 दिनों के भीतर किसानों के खातों में धनराशि भेज दी जाएगी।

## करोड़ो के वादे

### कर्नाटक में 35 प्रतिशत, एमपी में ये खर्च 27 प्रतिशत तक; बुनियादी जरूरतों में हाथ तंग

# तेलंगाना की कमाई का 57 प्रतिशत चुनावी वादों में जा रहा

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनावों से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए अब तक 33,920 करोड़ के वादे किए गए हैं। हालांकि, लोकलुभावन वादों के साथ सत्ता में आए सियासी दलों को राज्यों में वित्तीय मोर्चे पर बड़ी मुश्किल आ रही है।

ब्याज अदायगी और वेतन-भत्ते जैसे खर्च तो काट नहीं सकते। उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा चुनावी वादे पूरे करने में जा रहा है। इसके चलते सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए सरकारी खर्च में उनके हाथ तंग हैं।

तेलंगाना सरकार की कमाई का 57 प्रतिशत चुनावी वादों में, बाकी में से 80 प्रतिशत हिस्सा वेतन-भत्तों पर जा रहा है। यही सरकार पुरानी पेंशन का वादा लाई थी। लाड़ली बहन योजना पर कमाई का 22 प्रतिशत हिस्सा चला जाता है।

6 गारंटी के वादे के साथ सत्ता में आई कर्नाटक सरकार की कमाई का 35 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं गारंटी को पूरा करने में जा रहा है।

40 प्रतिशत राशि वेतन-भत्ते और कर्ज के ब्याज चुकाने में चली जाती है। इससे राज्य सरकार को सड़क की मरम्मत तक के लिए बजट जुटाने में दिक्कतें आ रही हैं।

2024-25 में जिन बड़े राज्यों में उधारी बढ़ी, उनमें मध्य प्रदेश टॉप पर है। कमाई का 42 प्रतिशत वेतन-भत्ते, ब्याज, 27 प्रतिशत मुफ्त की योजना में जा रहा है। छत्तीसगढ़ में खुद की कमाई की 18 प्रतिशत राशि वादे पूरे करने पर खर्च हो रही है। स्वास्थ्य पर खर्च घटा है।



### बिहार : 33,920 करोड़ के नए वादे, 62त्न खर्च होगा

आगामी चुनाव के लिए 33,920 करोड़ के नए वादे किए। इन पर खुद की कमाई का 62.46 प्रतिशत खर्च हो जाएगा।

अगली सरकार इन वादों से सत्ता में आई तो सरकार का खर्च 1.26 लाख करोड़ हो जाएगा, जो कुल कमाई का 233.52त्न हो जाएगा। यानी कमाई से खर्च 133.32 प्रतिशत ज्यादा हो जाएगा।

2024-25 में टैक्स से कमाई 54,300 करोड़ थी। वेतन-भत्ते, पेंशन, कर्ज का ब्याज चुकाने में कमाई का 171 प्रतिशत खर्च करता है। शेष पैसा केंद्र से विशेष पैकेज में मिलता है।

### बाजार से कर्ज लेकर खर्च कर रहे राज्य

देश की प्रमुख प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, राज्यों का सोशल वेलफेयर खर्च बढ़ गया है।

खपत को बढ़ावा देने के लिए बाजार से कर्ज लेकर खर्च कर रहे हैं। इससे वित्तीय सेहत बिगड़ रही है। आरबीआई भी चेता चुका है कि बेवजह खर्चे आर्थिक परेशानियां खड़ी करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सेना की परमानेंट कमीशन पॉलिसी में खामियां

- केंद्र सरकार ने कहा- महिला अफसरों के साथ भेदभाव नहीं, चयन प्रक्रिया जेंडर न्यूट्रल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भारतीय सेना की शॉर्ट सर्विस कमीशन की 13 महिला अफसरों के आरोपों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि परमानेंट कमीशन पॉलिसी में कुछ खामियां हैं।

जैसे किसी बैच में 80 अंक पाने वाला अफसर बनता है तो दूसरे बैच में 65 अंक पाने वाले को भी मौका मिल सकता है।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच के सामने केंद्र सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और जेंडर न्यूट्रल है।

भाटी ने कहा कि सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन महिला अफसरों को स्थायी कमीशन देने में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। केंद्र अपनी दलीलें गुरुवार 25 सितंबर को भी जारी रखेगा।

दरअसल, कोर्ट में कुछ महिला अफसरों ने शिकायत की थी कि उन्हें पुरुष अफसरों की तुलना में परमानेंट कमीशन में कम मौके दिए जा रहे हैं, जबकि उन्होंने कई कठिन ऑपरेशनों जैसे गलवान, बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा लिया है।



## हैप्पी मॉर्निंग

पति- खाने में क्या बना है?
पत्नी- तबीयत खराब सी लग रही है पति- अच्छा, मैं सोच रहा थी कि हम आज, कही बाहर खाने चलते पत्नी- अरे मैं तो मजाक कर रही थी, अभी तैयार होकर आती हूं पति- मैं भी मजाक कर रहा था, चल उठ रोटी बना.....



## शायरी

हम तालिब-ए-शोहरत हैं हमें नंग से क्या काम
बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा

## अर्थसार

संसेक्स:
81,715.63
-386.47 (0.47%)
निफ्टी:
25,056.90
-112.60




## मौसम



अधिकतम : 35 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 6 : 15
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 26

# संपादकीय



## मेरे सपनों का भारत : सपनों के ठेकेदारों से हक़ीक़त की लड़ाई



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत आज़ाद है, लेकिन बराबरी अब भी ग़ुलाम है।
संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया, पर सच यही है—
एक किसान की जान दिल्ली की सत्ता से सस्ती है,
एक मज़दूर का पसीना कॉर्पोरेट की बोतलों से हल्का है,
और एक नौजवान की डिग्री नेताओं के जुमलों से सस्ती पड़ जाती है।

### सत्ता का सपना बनाम जनता की हक़ीक़त

***हर चुनाव में हमें नया सपना दिखाया जाता है—***
कभी 'अच्छे दिन', कभी 'अमृतकाल', कभी 'विश्वगुरु'।

***लेकिन जनता के हिस्से में आता है—***
अधूरे अस्पताल, टूटी सड़कों पर हादसे, बेरोज़गार नौजवान, और दम तोड़ती शिक्षा व्यवस्था।
सपनों की मंडी सजती है, पर सपनों का माल केवल सत्ता की तिजोरियों में बंद हो जाता है।

### समाज की अदृश्य जंजीरें

***जाति आज भी ज़िंदा है—***
वह आरक्षण की बहस में है, मंदिर की दहलीज़ पर है, और गाँव की चौपाल पर है।
धर्म आज भी राजनीति का सबसे बिकाऊ माल है—
वह नारे में है, दंगे में है और वोटों की गिनती में है।

नेता इन जंजीरों को तोड़ना नहीं चाहते।
क्योंकि जनता बँटी रहे तो गद्दी सुरक्षित रहती है।

### आरक्षण- ज़रूरत और समीक्षा

कुछ लोग कहते हैं—आरक्षण ख़त्म करो।
लेकिन दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग अब भी शिक्षा, रोज़गार और सम्मान की दौड़ में पीछे हैं।
आरक्षण भीख नहीं, बल्कि सदियों के अन्याय का मुआवज़ा है।
हाँ, इसे हमेशा के लिए ठेका बनाकर नहीं चलाया जा सकता।
जरूरत है—हर 10-15 साल पर समीक्षा की जाए।
जिन्होंने बराबरी पा ली है वे बाहर हों,
और सहारा उन तक पहुँचे जिन्हें अब भी सहारे की ज़रूरत है।
तभी आरक्षण राजनीति का हथियार नहीं, बल्कि न्याय का औज़ार बनेगा।

### नौजवान और किसान की चुप्पी

भारत दुनिया का सबसे युवा देश है,
पर उसका नौजवान सबसे ज़्यादा निराश है।
डिग्री हाथ में है, लेकिन नौकरी के लिए दलाली चाहिए।
किसान दुनिया को खिलाता है,
पर खुद की थाली भरने के लिए कर्ज़ में डूबकर जान देता है।
सरकारें आँकड़े सजाती हैं,
लेकिन आँकड़ों से पेट नहीं भरता।

### इतिहास से सबक़

मार्टिन लूथर किंग ने कहा था—"I have a dream"
वह सपना बराबरी और न्याय का था।
अंबेडकर ने कहा—"Educate, Agitate, Organize"
उन्होंने चेताया था कि जब तक सामाजिक बराबरी नहीं मिलेगी, भारत अधूरा रहेगा।
आज नेपाल में युवा सड़कों पर उतरकर सत्ता बदल देते हैं,
अरब स्प्रिंग ने तानाशाहों को गिरा दिया,
और पश्चिम में युवाओं ने युद्ध और अन्याय का विरोध किया।

***तो सवाल यह है: भारत का नौजवान कब जागेगा?***

मेरे सपनों का भारत
मेरा सपना पोस्टर पर छपे नारे का भारत नहीं है।
मेरा सपना है—
जहाँ किसान आत्महत्या न करे,
मज़दूर पलायन न करे,
नौजवान का भविष्य लॉटरी या रैकेट पर न टिका हो।
जहाँ न्याय बिके नहीं,
मीडिया झुके नहीं,
और संसद केवल हाथ उठाने की मशीन न रह जाए।
जहाँ जाति और धर्म पासपोर्ट या आधार कार्ड पर नहीं,
बल्कि केवल इतिहास की किताबों में मिलें।

### नतीजा

भारत सपनों के ठेकेदारों के भरोसे महान नहीं बनेगा।
सपनों से ज़्यादा ज़रूरत हक़ीक़त गढ़ने की है।
अगर यह मुल्क सचमुच महान बनना चाहता है,
तो उसे महानता अपने खेतों, कारख़ानों, स्कूलों और अदालतों में पैदा करनी होगी—
न कि केवल भाषणों और माइक की गूँज में।
भारत तब सपनों का भारत बनेगा जब हर खेत में उम्मीद होगी, हर फ़ैक्ट्री में रोजगार होगा और हर घर में बराबरी होगी।




# आखिर कौन कर रहा है सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश ?

मृत्युंजय दीक्षित



तमाम कट्टरपंथी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले तत्व इस आग में घी डालने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो और कमेंट पोस्ट करके तनाव बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान लगे, आई लव मोहम्मद बोर्ड से शुरू हुआ विवाद अब देशभर में फैल रहा है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव, बरेली, लखनऊ, महराजगंज, जालौन से लेकर कैसरगंज समेत कई शहरों में मुस्लिम समाज अत्यंत उग्रता के साथ जुलूस निकाल रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बहुत ही सघन मुस्लिम बहुल इलाके में भी आई लव मोहम्मद लिखा बैनर टांगा गया है जिसके कारण स्थानीय स्तर पर तनाव अनुभव किया गया। इन जुलूसों में कई जगह पुलिस से टकराव और पथराव भी हो रहा है। मुस्लिम समाज के लोग व मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में संलिप्त रहने वाले लोग इसे मुस्लिम समाज का जेन-जी आंदोलन कहकर आग में घी डालने का कुत्सित प्रयास करते नजर आ रहे हैं जो तनाव को और बढ़ा रहा है। सोची समझी रणनीति के अंतर्गत इस आंदोलन में नाबालिग बच्चों को आगजनी और पुलिस पर पथराव करने के लिए आगे किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश से शुरू हुयी ये अराजकता अब उत्तराखंड के काशीपुर और तेलंगना के हैदराबाद समेत देश के कई शहरों में पहुँच गई है।

आइ लव मोहम्मद के समर्थन में उत्तराखंड में पुलिस बल पर सीधा पथराव तथा हमला किया गया, हमले में जिसमें महिला पुलिस कर्मी भी अभद्रता और मार पीट का शिकार हुयीं। पुलिस की गाड़ियाँ तोड़ दी गयीं।

यही हाल गुजरात के गोधरा शहर में भी हुआ और महाराष्ट्र के नागपुर में भी। इन प्रदर्शनों के दौरान सिर तन से जुदा आरै लब्बैक-लब्बैक जैसे बेहद आक्रामक और आपत्तिजनक नारे लगाए जा रहे हैं। इस पूरे विवाद की पटकथा उत्तर प्रदेश के कानपुर से शुरू हुई।

कानपुर के रावतपुर में बारावफात जुलूस निकाला जा रहा था। जिस मार्ग पर जुलूस निकाला जा रहा था उसी रास्ते पर एक जगह आई लव मोहम्मद का साइन बोर्ड लगा दिया गया। इसको लेकर हिंदू पक्ष ने विरोध किया और आरोप लगाया कि यहां नई परंपरा शुरू की जा रही है।

दोनों पक्षों में तनाव बढ़ता देखकर पुलिस ने हस्तक्षेप किया और किसी प्रकार से मामला यह कहकर शांत करवाया कि नियम है कि जुलूस में किसी तरह की नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। किन्तु बारावफात के जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने नई परंपरा डालते हुए परंपरा वाली जगह पर ही टेंट और साइन बोर्ड फिर से लगवा दिया।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि, आई लव मोहम्मद को लेकर कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इस बीच संभवतः पूर्व नियोजित साजिश के अनुसार कानपुर में मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष पर आरोप लगाया कि उसने साइन बोर्ड को फाड़ दिया था। वहीं हिंदू पक्ष ने इसका खंडन करते हुए कहा कि मुस्लिम पक्ष के जुलूस में शामिल लोगों ने हिन्दुओं के धार्मिक पोस्टर फाड़े। पुलिस के बीच-बचाव के बाद ऐसा लगा कि अब मामला शांत हो गया है।

बाद में कानपुर पुलिस ने बारावफात के जुलूस के दौरान आई लव मोहम्मद नाम का एक नया बोर्ड बनाकर नई परंपरा शुरू करने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए मुकदमा दर्ज किया।

इस बीच पहले से तैयार बैठे एआईएमआईएम नेता और सांसद असदुददीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर कानपुर पुलिस को टैग करते हुए एक पोस्ट लिखा कि, आई लव मोहमद कहना जुर्म नही है अगर है तो इसकी हर सजा मंजूर हैं। ओवैसी ने जिस पोस्ट को लेकर कोट किया था उसमें दावा किया गया था कि मुस्लिम पक्ष की ओर से कथित तौर पर नई परंपरा शुरू करने को लेकर पुलिस ने मुकदमा कर दिया है। इस बात की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है कि ओवैसी की इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों का बाजार गर्म होता गया और अब यह आग देश के अनेकानेक हिस्सों में फैलती जा रही है।

तमाम कट्टरपंथी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले तत्व इस आग में घी डालने का प्रयास कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो और कमेंट पोस्ट करके तनाव बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यह सब कुछ उस समय हो रहा है जब हिन्दू पर्वो की नवरात्र से देवदीपावली तक एक लंबी श्रृंखला चलने वाली है।

इन सभी घटनाओं का पैटर्न लगभग एक ही जैसा नजर आ रहा है। बरेली के जखीरा मुहल्ले में आई लव मोहम्मद लिखे कई पोस्टर लगे थे। इंस्पेक्टर सुभाष कुमार ने बताया कि भीड़ होने की सूचना पर, वे पहुंचे तो पाया कि वहां इत्तेहाद-ए- मिल्लत काउंसिल के महासचिव डा. नफीस खान भी थे। पुलिस के पहुंचने पर नफीस खान ने वहां पर उपस्थित लोगों को घर जाने के लिए कह दिया किंतु बाद में इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ उसमें डा़ नफीस कुछ लोगों से कहते सुनाई दे रहे हैं कि मैंने इंस्पेक्टर को बहुत अपशब्द कहे। मैंने कहा कि, हाथ काट लूंगा, वर्दी उतरवा दूंगा। जांच मे पता चला है कि पुलिस के मोहल्ले से लौटने के बाद नफीस ने भीड़ को भड़काने का प्रयास किया। नफीस बरेली में मौलाना तौकीर रजा खां की पार्टी आईएमसी के महासचिव हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इन जुलूसों में 10 साल से कम आयु के लड़कों तथा औरतों द्वार उग्र प्रदर्शन कराया जा रहा है।

उन्नाव में हिंसक उपद्रव का नेतृत्व महिलाओ व बच्चो ने किया। बुर्कानशीं महिलाओं ने ही पुलिस बल पर पत्थर बरसाये ओर नाबालिगों ने सर तन से जुदा के नारे लगाकर माहौल खराब किया। कठिनाई यह है कि हमारे देश के संविधान में नाबालिगों को केवल सुधार गृह भेज दिया जाता है और महिलाओं की प्रायः जल्दी गिरफ्तारी नही होती। वहीं दूसरी ओर तथाकथित संविधान रक्षक मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल प्रारंभ कर देते हे। इन सभी उपद्रवियों को पता है कि उन्हें सभी छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों का खुला समर्थन प्राप्त है।

नाबालिगों को सोच समझ कर केवल इसलिए शामिल किया जा रहा है क्योंकि वह आसानी से छूट जाएंगे और सजा भी बहुत कम होगी।


भारत में सार्वजनिक जगहों पर बिना अनुमति पोस्टर बैनर लगाना गैरकानूनी है किंतु सभी लोग इसका उल्लंघन करते हैं। पुलिस का कहना है कि यह आंदोलन गुमराह करने वाला है।

मुस्लिम तुष्टिकरण में संलिप्त नेता इस आंदोलन को अल्पसंख्यकों के दमन से उपजा आक्रोष बता रहे हैं और भाजपा व हिंदू संगठनों को दोष दे रहे हैं। एक पार्टी के प्रवक्ता तो तुष्टिकरण में इतने आगे बढ़ गए कि आंदोलन सम्बन्धी एफआईआर को ही संविधान विरोधी कृत्य बताने लगे। विगत दिनों बहराइच में एआईएमआईएम के नेता द्वारा स्थानीय महाराजा सुहेलदेव राजभर का अपमान करने के कारण भी तनाव उत्पन्न हो गया था।

इस प्रकार के तनाव उत्पन्न करने का प्रयास उस समय किया जा रहा है जब योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। योगी जी को अच्छी तरह से पता है कि उपद्रवियों व दंगाइयो से किस प्रकार निपटा जाता है। उत्तर प्रदेश की जनता को सरकार व योगी जी की रणनीति पर पर पूरा भरोसा है। यहां की पुलिस सतर्क भी है और कड़क भी। उत्तर प्रदेश प्रशासन इस आंदोलन की जड़ तक जाएगा और षड्यंत्रकारियों को ढूंढ निकालेगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3661




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3660 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।


चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3661



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, जॉन, हेमा, रानी की फिल्म-३
३. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
५. जैकी, अनिल, शत्रुघ्न, हेमा, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
७. कंवलजीत, वहीदा की फिल्म-३
९. 'झूठी मूठी मितवा सांवन' गीत वाली फिल्म-३
११. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हर इक लब पर है' गीत वाली श्रेयस तलुदे, आयशा टकिया की फिल्म-२
१५. शाहरूख, मनीषा, प्रीति, शिल्पा की फिल्म-२,१
१७. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
१९. 'मुझे तुम याद' गीत वाली फिल्म-३
२०. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी की फिल्म-२
२२.'दिल में जिगर' गीतवाली फिल्म-२
२३. हिंदी फिल्मोंका पहला 'ही-मैन' किसे कहा गया है-४
२४. जीतेंन्द्र, जयप्रदा की एक पारिवारीक फिल्म-१
२५. 'सौ सवालों का' गीत वाली धर्मेन्द्र, अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. अमिताभ, जैकी, जावेद, कैटरीना, मधु, सीमा, जीनत की फिल्म-२
२८. 'जुड़वाँ' में सलमान के साथ करिशमा के अलावा दूसरी नायिका कौन थी-२
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
३१. फिरोज, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'मेरा दिल जिस दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, करीना की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. राहुल राय, शीबा की फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो' गीत वाली दीपक कुमार, रेहाना की फिल्म-३
४. शशिकपूर, राखी की 'आज मदहोश हुआ जाये रे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली मिथुन, कबीर बेदी, संगीता की फिल्म-४
८. बॉबी, काजोल, मनीषा कोइराला की 'मेरे ख्वाबों में तू' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'अब चाहे सर फूटे या' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१२. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और तू' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१४. सुनीलदत्त, माला की 'आजा आजा रे तुझको मेरा प्यार' गीत वाली फिल्म-४
१५. 'जान तन से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१६. प्रशांत, संध्या की 'तुम तो प्यार हो सजना' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'खुशी से खुदकुशी' गीत वाली फिल्म-५
२१. सनी, जीतेंन्द्र, फरहा, जयाप्रदा की फिल्म-४
२६. 'आँखों आँखों में हो गए' गीत वाली फिल्म-३
२९. नसीर, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-२
३०. 'रंग दीन्हीं रंग दीन्हीं' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3660



## सूडोकु -3661

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3660 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3661



**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली -3660 का हल



# नोएडा में 25 से 29 तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

## पांच दिन में 10 लाख लोग पहुंचेंगे, 5 हजार करोड़ का व्यापार





नोएडा। नोएडा एक्सपो सेंटर में 25 से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो होने जा रहा है। शो का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की कैबिनेट मंत्री भी शामिल होंगे।

शो में 350 से ज्यादा स्टॉल , 2400 प्रदर्शक, 1 लाख 25 हजार विजिटर जो कि बिजनेस टू बिजनेस करेंगे और करीब 4.5 लाख बिजनेस टू कस्टमर होंगे। उम्मीद है पांच दिन में करीब 10 लाख से ज्यादा का फुट फाल यहां होगा।

ये ट्रेड शो का तीसरा एडिशन है। विगत साल करीब साढ़े तीन लाख लोगों का फुटफाल यहां था। इससे करीब 2200 करोड़ का व्यापार यानी 2027 तक ऑर्डर कंपनियों को मिले थे। उम्मीद है इस बार करीब 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा। ट्रेड शो में पांचों दिन बिजनेस मीट, फैशन शो और प्रदेश से जुड़े कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते दिखेंगे। तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है।

### पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल का लाइव डेमोन्स्ट्रेशन

ट्रेड शो में पहली बार द्ध मॉडल का लाइव डेमोन्स्ट्रेशन यहां किया जाएगा। 200 वर्ग मीटर क्षेत्र में भव्य पवेलियन का संचालन किया जाएगा, जिसे उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) की देखरेख में तैयार किया जाएगा। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का थीम आधारित कंसेप्च्यूलाइज पवेलियन बनाया जाएगा। इसमें स्टार्टअप के लिए विशेष क्षेत्र भी तैयार किया जाएगा। इसके जरिए सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और तकनीकी प्रगति की गाथाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

### ओडीओपी ग्लोबल मार्केट प्लेस जैसा मिलेगा अनुभव

ओडीओपी पवेलियन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह एक ग्लोबल मार्केट प्लेस की तरह अनुभव देगा। यह जानने का भी मौका होगा कि हर जिले का यह उत्पाद किस तरह वहां की संस्कृति, इतिहास और समाज से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह स्टार्टअप, डिज़ाइनर्स और इंटरनेशनल बायर्स को एक साझा मंच उपलब्ध कराएगा। यहां व्यापारिक सौदों, नेटवर्किंग और भविष्य की साझेदारियों के नए अवसर खुलेंगे। इसे इस बार लोकल टू ग्लोबल नाम दिया गया ।

### 40 जनपद के उत्पाद होंगे शामिल

फिरोजाबाद का ग्लास आर्ट
हाथरस की हींग
हापुड़ की हैंडलूम बेडशीट, टेक्सटाइल फर्निशिंग
गौतमबुद्ध नगर का टेक्सटाइल, ज्वेलरी
मुरादाबाद का मेटल फर्नीचर
बरेली का जरी जरदोजी
आगरा की लेदर एसेसरीज
मेरठ का स्पोर्ट्स प्रोडक्ट्स, मसाले
कन्नौज का इत्र, इसेंशियल ऑयल
कानपुर देहात के पीई पाइप्स
वाराणसी का सिल्क और बनारसी साड़ी
बाराबंकी का हैंडलूम
कानपुर का लेदर प्रोडक्ट्स, सैडलरी गुड्स
चित्रकूट के लकड़ी के खिलौने
सीतापुर का हैंडलूम दरी
बुलंदशहर का खुर्जा पॉटरी, सेरेमिक ज्वेलरी
भदोही और मिर्जापुर का कालीन
गाजियाबाद का इंजीनियरिंग गुड्स
लखनऊ का हैंडीक्राफ्ट चिकन इंब्रॉयडर्ड गारमेंट्स
फतेहपुर का आयरन चूल्सा
एटा के घुंघरू, घंटी और अन्य ब्रास
मैनपुरी की ताकशी आर्ट
फर्रुखाबाद का जरी जरदोजी
संत कबीरनगर की होजरी
जौनपुर की ऊनी दरी
प्रतापगढ़ के आमला प्रोडक्ट्स
संभल का रेशम आर्ट
पीलीभीत का वुड प्रोडक्ट
आजमगढ़ की सिल्क साड़ी
बागपत का हैंडलूम
औरैया का देसी घी और मिल्स प्रोडक्ट्स
अमेठी का मूंज प्रोडक्ट
झांसी का सॉफ्ट टॉयज
कुशीनगर का केला
अलीगढ़ के ताले और मेटल हैंडीक्राफ्ट
सुल्तानपुर का मूंज क्राफ्ट
सहारनपुर का वुडेन किचनवेयर
प्रयागराज का मूंज क्रॉफ्ट, अचार
मथुरा के ठाकुर जी की पोशाक

### अब जानते है अलग-अलग पांच दिन होने वाले कार्यक्रम

25 सितंबर को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ प्रदेश के केबिनेट मंत्री शामिल होंगे।

शाम को भोजपुरी सिंगर दिनेश लाल यादव कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, वाराणसी की सोनी सेठ कत्थक नृत्य, संस्कृति गाथा गर्ल्स बैंड की प्रस्तुती और मेरठ से पवन धनक अपनी प्रस्तुती देंगे।

26 सितंबर सुबह से अलग-अलग कारोबारियों के सेशन होंगे।

सुबह 11 से 1 बजे तक एमएसएमई कारोबारियों के साथ जियो पॉलिटिकल सिनेरियो मार्केट स्ट्रेटजी पर चर्चा की जाएगी।

दोपहर 1: 30 से 2: 30 तक अर्बन डेवलपमेंट पर सेशन होगा।

3 से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर यूपी वर्कशॉप करेगा।

5 से 6 बजे तक फाइनेंस विभाग यूपी की द्वारा सेशन किया जाएगा।

2 बी हॉल में 3 से 5 बजे तक किसानों को प्रोडेक्ट संबंधित सेमिनार का होगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वर्ग बैंड फॉक फ्यूजन , मथुरा से मुरारी लाल शर्मा डांस प्रस्तुत करेंगे, नोएडा के अनु सिन्हा कृष्ण लीला का मंचन करेंगे।

### 27 सितंबर को ये कार्यक्रम

सुबह 11: 30 से 13: 30 तक फारेन एंड डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग हब डिफेंस कॉरिडोर पर चर्चा की जाएगी।

दोपहर 3 से 4 बजे तक हॉर्टिकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग डिपार्टमेंट की ओर से सेशन होगा।

शाम 5 से 6:30 तक ओडीओपी पर सेशन होगा।

शाम 6 बजे खादी पर आधारित ड्रेस का फैशन शो।

पद्म श्री मालिनी अवस्थी अवधी गायक, अमित अंजान संगीत, संगम लता और रिंकू देवी कलाकारों के कार्यक्रम होंगे।

### 28 सितंबर होने वाले कार्यक्रम

11: 30 से 1 बजे तक जीबीयू की ओर से पैनल डिस्कशन स्किल डेवलपमेंट पर किया जाएगा।

11: 30 से 1 बजे तक खादी पर सेशन किया जाएगा।

बस्ती से बृजेश , अंबेडकर नगर से मानसी सिंह रघुवंशी, ललितपुर से जितेंद्र कुमार और मोहिनी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

### 29 सितंबर को ये होंगे कार्यक्रम

सुबह 11 से 12: 30 तक शुगर और केन विभाग की ओर से सेशन।

सचेत परंपरा , सोनभद्र से संतोष , प्रयागराज से जलज श्रीवास्तव और नोएडा से अनुराधा शर्मा प्रस्तुती देंगी।

# यू.पी. रेरा ने 111 एजेंटों को दिया सर्टिफिकेट, 20 बैचों में 803 एजेंट हो चुके प्रशिक्षित





**विशाल इंडिया संवाददाता**

**लखनऊ/गौतमबुद्धनगरग।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी प्राधिकरण (यू.पी. रेरा) ने बुधवार को अपने लखनऊ मुख्यालय में आयोजित समारोह में 16वें, 17वें और 18वें बैच के 111 एजेंटों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

यह कार्यक्रम दिसंबर 2024 से शुरू हुआ था और अब तक 20 बैचों में 1,620 प्रतिभागी शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 803 एजेंट सफल होकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुके हैं।

प्रशिक्षण अनिवार्य है—चाहे एजेंट पहले से पंजीकृत हों या नया रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हों। चार दिन का कोर्स होता है जिसमें पहले तीन दिन रियल एस्टेट कानून, उपभोक्ता अधिकार और एजेंट की जिम्मेदारियाँ पढ़ाई जाती हैं और चौथे दिन लिखित परीक्षा होती है। सफल होने पर ही प्रमाणपत्र दिया जाता है। फीस है 6,000, और आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।

### समारोह में यू.पी. रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा



प्रशिक्षित एजेंट रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के मुख्य स्तंभ हैं। अब एजेंट केवल बिचौलिए नहीं, बल्कि उपभोक्ता हितों के संरक्षक बन गए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही ऑनलाइन ट्रेनिंग मॉड्यूल भी शुरू किए जाएंगे, ताकि प्रदेशभर में इच्छुक एजेंट आसानी से प्रशिक्षण ले सकें। इस मौके पर सचिव महेन्द्र वर्मा, प्रधान सलाहकार अब्रार अहमद, वित्तीय सलाहकार सुधांशु त्रिपाठी, विधि सलाहकार चंदन कुमार सिंह और सहायक निदेशक अमरीश कुमार भी मौजूद रहे।

# नोएडा के थाना-63 में खुला बच्चों के लिए क्रेंच

- महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों की होगी देखभाल, मनोरंज की सभी साधन किए शामिल



**नोएडा।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत सेक्टर-63 परिसर में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों की सुविधा और देखभाल को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक क्रेंच (शिशुगृह) का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस क्रेंच का उद्देश्य महिला पुलिसकर्मी के बच्चों के लिए एक सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण प्रदान करना है।

जिससे महिला पुलिस कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ कर सकें। यह शिशुगृह बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएगा। जहां उनकी देखभाल, शिक्षा, पोषण और खेल-कूद की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। क्रेंच में बच्चों की आयु के अनुरूप आधुनिक संसाधन, शैक्षणिक सामग्री, खेल व मनोरंजन संबंधी साधन उपलब्ध कराए गए हैं। जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

कार्यक्रम के अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव, एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा शैव्या गोयल सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# नोएडा बोरवेल पानी का नहीं करेगा प्रयोग

- 7 नए रेनीवेल बनाए जाएंगे, 9 से मिल रहा 122 एमएलडी पानी; गंगाजल मिलाकर 406 एमएलडी की सप्लाई
- सप्लाई शुरू होने के बाद करीब 6 लाख लोगों को इसका फायदा होगा।

**एजेंसी**

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण सप्लाई के लिए बोरवेल का पानी का प्रयोग जल्द बंद कर देगा। इसके लिए रेनीवेल की संख्या बढ़ाने जा रहा है। वर्तमान में 9 रेनी वेल संचालित है दो का संचालन जल्द किया जाएगा। उसका नवीनीकरण किया जा रहा है। सात नए रेनीवेल बनाए जाएंगे। जिसमें दो सेक्टर-135 में बनेंगे। वर्तमान में रेनीवेल से करीब 122 एमएलडी की सप्लाई की जा रही है। जिसका टीडीएस लेवल करीब 350 से 360 के आसपास है।

इस जल को बोरवेल और प्रताप विहार प्लांट से सप्लाई होने वाले गंगाजल में मिलाकर सप्लाई किया जाता है। इस तरह से कुल 406 एमएलडी जल की सप्लाई की जा रही है।

जिससे सेक्टर में गंगाजल की सप्लाई की जा रही है। नए रेनीवाल बन जाने के बाद बोरवेल का पानी प्रयोग नहीं किया जाएगा।

सीधे गंगाजल में रेनीवाल का पानी मिलाकर सप्लाई किया जाएगा। नवंबर दिसंबर में एक्सप्रेस वे से जुड़े सेक्टरों में भी गंगाजल की सप्लाई होने लगेगी। वहां 37.5 क्यूसेक गंगाजल सप्लाई का काम अंतिम चरण में है। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल मिल रहा है।

### दो महीने में 6 लाख को फायदा

सप्लाई शुरू होने के बाद करीब 6 लाख लोगों को इसका फायदा होगा। बहरहाल सात नए रेनीवाल के लिए स्थान चिह्नित करने का किया जा रहा है। इसके बाद टेंडर जारी कर निर्माण की प्रकिया की जाएगी। बता दे एनसीआर में भू जल दोहन पर रोक है। ऐसे में बोरवेल का पानी प्रयोग नहीं करने वाला नोएडा पहला शहर बन जाएगा।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत नोएडा में विशेष पहल

## गृह सहायिकाओं को साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन की जानकारी दी, बेटी पढ़ाओ अभियान पर प्रकाश डाला



**नोएडा (गौतम बुद्ध नगर)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने थाना बिसरख क्षेत्र के इकोविलेज-2 सोसाइटी में गृह सहायिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने किया। एडीसीपी शैव्या गोयल ने कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया।

एसीपी द्वितीय सेंट्रल नोएडा ने कार्यक्रम में मिशन शक्ति 5.0 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बेटी पढ़ाओ अभियान और महिला सशक्तिकरण योजनाओं पर प्रकाश डाला। गृह सहायिकाओं को बताया गया कि सरकार और पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम में शुभ मंगल योजना की जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से बचाव और साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने गृह सहायिकाओं को आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के तरीके समझाए।

सभी प्रतिभागियों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर दिए गए। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा (112), मिशन शक्ति हेल्पलाइन (1090), महिला हेल्पलाइन (181) और साइबर हेल्पलाइन (1930) शामिल हैं। उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया।

## मजदूरी मांगने पर दलित परिवार पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में मजदूरी के बकाया पैसों को लेकर दलित परिवार पर हमला किया गया। गांव तीरथली में दूसरे समुदाय के 5 लोगों ने दलित परिवार के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट की। घटना मंगलवार रात की है। विपिन जाटव के भाई महेश की मजदूरी के कुछ रुपये एक युवक पर बकाया थे। महेश जब रुपये मांगने गए तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। परिजन महेश को बचाकर घर ले आए। इसके बाद आरोपी युवक 4 अन्य साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंचा। उन्होंने घर में मौजूद महेश की बहन अनीता, पत्नी भारती और मां रामवती के साथ अभद्रता की। आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर महिलाओं से मारपीट की। आरोपियों ने जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में महेश और उनकी बहन अनीता घायल हो गए। दोनों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ग्रेटर नोएडा में पशु व्यापारी 2 दिन से लापता : बाइक से निकले थे घर से

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे से एक पशु व्यापारी पिछले दो दिनों से लापता हैं। परिजनों ने बुधवार को कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिलासपुर कस्बे के फतेहखानी मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद (50) पशु व्यापार करते हैं। वह मंगलवार की सुबह बाइक से किसी काम के लिए घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश की। उनका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से जल्द खोजबीन की गुहार लगाई है।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शार्ट न्यूज

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो : समाज कल्याण विभाग के स्टाल पर दिखेगा समावेशी विकास

### ट्रेड शो में पहली बार प्रतिभाग कर रहा है समाज कल्याण विभाग

**गौतमबुद्ध नगर।** ग्रेटर नॉएडा में 25 से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहली बार समाज कल्याण विभाग भी प्रतिभाग कर रहा है। ट्रेड शो में विभाग के स्टाल पर समावेशी विकास की झलक देखने को मिलेगी। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के 20 बच्चों का चयन किया गया है, इसमें 10 बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं. । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे उद्यमियों को ट्रेड शो में आमंत्रित किया जा रहा है, जिनको उद्यम स्थापित करने में समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायता प्रदान की गयी है। स्टाल में समावेशी विकास के साथ विकसित भारत के परिकल्पना की भी झलक दिखेगी।

## गौर सिटी सोसायटी में सफाई कर्मचारियों से हुई गलती

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी सोसायटी में एक अजीब घटना सामने आई है। सोसायटी के सातवें एवेन्यू में दो सफाई कर्मचारियों ने गलती से एक फ्लैट को खोलने का प्रयास किया। यह घटना सोसायटी के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना का खुलासा तब हुआ जब फ्लैट नंबर ई-637 के मालिक ने शिकायत की कि उनके फ्लैट का ताला खोलने की कोशिश की गई है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में दो सफाई कर्मचारी नजर आए। बिसरख थाना पुलिस की जांच में सामने आया कि यह एक गलतफहमी का मामला था। दरअसल, फ्लैट नंबर 437 के मालिक ने सफाई के लिए इन कर्मचारियों को चाबी दी थी। कर्मचारियों ने फ्लैट नंबर को गलत पढ़ लिया और 637 को 437 समझकर खोलने की कोशिश की। जब दरवाजा नहीं खुला तो वे वहां से चले गए। जब कर्मचारियों को अपनी गलती का एहसास हुआ, तो उन्होंने मेंटेनेंस टीम को लिखित में माफी पत्र दे दिया। पुलिस ने भी दोनों को कड़ी चेतावनी दी है। इस घटना के बाद सोसायटी में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग उठी है।

## सपा नेता को नजरबंद किया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. विकास भाटी को उनके घर में नजरबंद कर दिया गया है। डॉ. भाटी इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र के घरबरा गांव में रहते हैं। डॉ. भाटी 24 सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने किसानों की समस्याओं को लेकर काले झंडे दिखाना चाहते थे। प्रशासन ने उन्हें प्रदर्शन से पहले ही घर में नजरबंद कर दिया। सपा नेता का आरोप है कि सरकार किसानों की आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि नजरबंद करने से किसानों के मुद्दे खत्म नहीं होंगे। वह जल्द ही किसानों की जमीन, मुआवजा और रोजगार की समस्याओं को लेकर आंदोलन करेंगे। बुधवार को भी उनके घर पर पुलिस तैनात है। पुलिस या प्रशासन की तरफ से इस नजरबंदी पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देश-विदेश से निवेशक और उद्यमी पहुंच रहे हैं। सरकार इस कार्यक्रम को अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

## लड़की के बाथरूम में डिजिटल कैमरा मिला

नोएडा। सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रहने वाली युवती के बाथरूम में किरायेदार ने हिडन कैमरा लगा दिया। वेबकैम मिलने के बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एक निजी कंपनी में काम करने वाली पीड़ित युवती की शादी कुछ ही समय बाद होने वाली है। थाने में दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह शाहपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रहती है। एक कंपनी में काम करती है। सोमवार को युवती जब अपने कमरे से बाथरूम में स्नान करने के लिए गई तो खिड़की के पास उसे वेबकैम मिला। इसे देखकर युवती हैरान और परेशान हो गई। युवती ने वेबकैम को वहां से हटाया और कमरे में रख दिया। दफ्तर से आने के बाद शाम को जब उसने चेक किया तो उसमें लगे एसडी कार्ड चिप में संत कबीरनगर के रहने वाले रामानंद की फोटो और वीडियो मिली ।जब वह कैमरा लगा रहा तब की वीडियो और फोटो भी युवती को मिली हैं। आरोपी रामानंद उसी इमारत में रहता है, जिसमें युवती रहती है और इलेक्ट्रिशियन का काम करता है।


## दहेज उत्पीड़न में 13 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** महिला ने पति समेत 13 लोगों के खिलाफ मारपीट करने, घरेलू हिंसा करने और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। सभी के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गुरुग्राम में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में उसका विवाह नोएडा के सेक्टर-23 में रहने वाले अंगद खुसु से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग परेशान करते थे। इसका विरोध करने पर मारपीट के साथ धमकी भी देते थे। घरेलू हिंसा और गलत व्यवहार करने के चलते मायके आ गई थी। पिछले कुछ समय से पीड़िता अपने बेटे के साथ गुरुग्राम में रह रही है ।आरोप है कि 19 जुलाई 2025 को महिला अपनी बहन के साथ सामान लेने के लिए नोएडा ससुराल आई थी। चचिया ससुर सतवीर, ननद रेनु, अंकुर खुशु और अन्य लोग आए। सभी ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायत पर पति समेत 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी के बील अकबरपुर गांव में एक दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ मारपीट की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ की। घर में खड़ी गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त कीं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, बील अकबरपुर गांव के रहने वाले सतीश ने पुलिस को 20 सितंबर की सुबह उसका भाई अजीत अपनी परचून की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी बीच गांव के रहने वाले सोनू, कुलदीप, लोकेश, नरेश, आदेश और नरेंद्र ने अजीत पर हमला कर दिया। दुकान में घुसकर लाठी डंडे से बुरी तरह पीटा गया। विरोध करने पर दुकान में तोड़फोड़ की। इसके बाद दुकान के बाहर घर में खड़ी उनकी दो गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित का आरोप है कि घर में लगे सीसीटीवी में आरोपी मारपीट करते हुए कैद हुए हैं। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है।

## जिले में डेंगू के छह मरीज मिले



**नोएडा।** मलेरिया विभाग ने बुधवार को डेंगू के छह नए मरीजों की पुष्टि की। अब मरीजों की कुल संख्या 340 हो गई है। सभी नए मरीज घर में रहकर इलाज करवा रहे हैं। मरीजों के घर और आसपास एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव शुरू करा दिया गया है। सितंबर महीने में डेंगू के मरीजों में तेजी से इजाफा हुआ है। इस महीने 261 मरीज मिले हैं। इससे पहले अगस्त में 79 मरीज मिले थे। वहीं, जनवरी से जुलाई तक मरीजों की संख्या महज 21 थी। मलेरिया विभाग ने पिछले हफ्ते से नोएडा के आठ हॉटस्पॉट में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव शुरू कराया है ।इन स्थानों पर पांच से अधिक डेंगू मरीज की पुष्टि अब तक हो चुकी है। मलेरिया के मरीजों की संख्या 85 है।

# वर्षों से अवैध रूप से चल रहा क्लिनिक आखिरकार हुआ सील

## ग्रामीणों की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, क्लिनिक स्वामी फरार

**दियोरिया।** स्वास्थ्य विभाग ने वर्षों से अवैध रूप से चल रहे एक क्लिनिक पर बड़ी कार्रवाई की। तहसीलदार बीसलपुर की देखरेख में टीम ने मकरंदपुर चौराहे स्थित क्लिनिक को सील कर दिया। कार्रवाई की भनक लगते ही क्लिनिक संचालक मौके से फरार हो गया।



ग्रामीणों की शिकायत थी कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर अवैध रूप से क्लिनिक चलाकर मरीजों का शोषण कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अकोड़ा निवासी श्रीपाल नामक व्यक्ति लगभग दस वर्षों से मकरंदपुर चौराहे पर क्लिनिक चला रहा था। बिना अनुमति और योग्यता के इलाज करते हुए वह भोली-भाली जनता से वसूली कर रहा था। हाल ही में झोलाछाप डॉक्टरों की गलत दवाइयों से हुई मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ। अधीक्षक बरखेड़ा व डॉ. लोकेश कुमार ने टीम के साथ छापेमारी की और क्लिनिक को सील कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और कई ने अपने-अपने क्लिनिक बंद कर भाग खड़े हुए।
ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई को सराहा और अन्य अवैध क्लिनिकों पर भी कार्रवाई की मांग की।

## यूपी में दुर्गा मंदिर तोड़ने पर हंगामा

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में नवरात्र में दुर्गा मंदिर तोड़े जाने पर हंगामा हो गया। मंदिर विकास भवन की सरकारी बिल्डिंग की दीवार के सहारे बना था। प्रशासनिक अफसरों ने मंगलवार देर रात उसे ढहा दिया। बुधवार सुबह मंदिर ढहा देखकर लोग भड़क गए। विकास भवन में हंगामा करने लगे। इस बात की खबर मिलते ही सांसद जगदंबिका पाल समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन सांसद नहीं माने। दोपहर 3 बजे वह धरने पर बैठ गए। सांसद ने कहा- जिला प्रशासन ने नवरात्र में देवी प्रतिमाओं को तोड़कर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस दौरान लोगों ने डीएम मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। फिलहाल विकास भवन के पास हजारों लोग सांसद के साथ धरने पर बैठे हैं।

# 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत स्वास्थ्य शिविर

### गर्भवती महिलाओं व बच्चों की हुई जांच, दी गई मुफ्त दवाएँ



**पीलीभीत।** ललौरीखेडा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जहानाबाद में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने फीता काटकर किया।शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन जांच, परिवार नियोजन, मानसिक स्वास्थ्य और किशोर-किशोरियों को परामर्श सहित विभिन्न सेवाएँ दी गईं। लाभार्थियों को नि:शुल्क दवाएँ भी प्रदान की गईं। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश गंगवार सहित जनपद और ब्लॉक के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. अफरा शरीफ, डॉ. शकील, डॉ. अंकुल अग्रवाल, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. योगेन्द्र कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## महिलाओं के कुंडल चोरी, महिला चोर गिरफ्तार

### भीड़ का फायदा उठाकर की वारदात, पुलिस ने बरामद किए गहने

**दियोरिया।** सखिया मेले में भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला चोर ने दो महिलाओं के सोने के कुंडल पार कर दिए। घटना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी महिला को धर दबोचा और कुंडल बरामद कर जेल भेज दिया। घटना 22 सितंबर की दोपहर की है। थाना बिलसंडा के ग्राम बमरौली निवासी रामनाथ की पत्नी प्यारी देवी अपनी सहेली अंजू के साथ सखिया मेले में गई थीं। मेले में सामान खरीदते समय भीड़-भाड़ के बीच अज्ञात चोरों ने प्यारी देवी के दोनों कुंडल और अंजू का एक कुंडल नोचकर फरार हो गए। महिलाएँ चोरों का पीछा तो कर पाईं, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण वे भागने में सफल रहे। घटना की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने नंद महोली गांव निवासी वेलामती पत्नी सीताराम को पकड़ा और उसके पास से चोरी हुए कुंडल बरामद किए। पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेज दिया है। मेले में श्रद्धालुओं और भीड़ की अधिकता को देखते हुए पुलिस चोरों और उचक्कों पर कड़ी निगरानी रख रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत नवरात्र व्रत में थीं महिला, दौरा पड़ने की आशंका



**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला पिछले दो दिनों से नवरात्रि का व्रत रख रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, ग्राम किशनपुर निवासी हरद्वारी लाल की पत्नी मिनाक्षी देवी (30) बीती रात अचानक अस्वस्थ हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि महिला को अचानक दौरा पड़ा और कुछ ही देर में उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतका पिछले दो दिनों से नवदुर्गा व्रत पर थीं। किसी प्रकार के विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है। असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल गांव में महिला की असमय मौत से शोक का माहौल है।

## चोरी के माल सहित वांछित गिरफ्तार



**ललितपुर।** जखौरा पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित/ वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 237/2025 धारा 305 ए बीएनएस के अभियोग में वांछित अभियुक्त- कमल सिंह पुत्र देवी सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सतगता थाना जखौरा को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी थाना निरीक्षक मुनेश भारती उ. नि. विवेक धामा हे. का. प्रेमबाबू आदि शामिल रहे।

## सस्पेंड सिपाही ने किडनैप करके फिरौती मांगी

**आगरा।** आगरा में एक सिपाही ने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर एक युवक का अपहरण कर लिया। इसके बाद उसको अपनी गाड़ी में बैठाकर 24 घंटे तक पूरे शहर में घुमाते रहे। इस दौरान उसके परिवार से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। फिरौती की कॉल मिलते ही युवक के भाई ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सिपाही की हाल ही में सस्पेंशन के बाद नई पोस्टिंग हुई थी। अब उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ आपराधिक मुकदमा भी दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों बदमाश भी सिपाही और पीड़ित युवक के कॉमन दोस्त हैं। यह पूरी घटना न्यू आगरा थाना क्षेत्र की है। पीड़ित युवक हर्षवर्धन (18 वर्ष) मूल रूप से बाह क्षेत्र के पिढौरा गांव का रहने वाला है और इन दिनों नगला पदी में रहकर इंजीनियरिंग की कोचिंग कर रहा था। उसके पिता जगपाल सिंह और भाई कुशल सिंह खेती करते हैं।

## अवैध मदरसे में 40 नाबालिग लड़कियां मिलीं

**पयागपुर।** बहराइच में अवैध मदरसे के बाथरूम से 40 लड़कियों को बरामद किया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को एसडीएम ने पुलिस फोर्स के साथ मदरसे में छापा मारा। पूछताछ के दौरान 40 नाबालिग लड़कियों को बाथरूम में छिपाकर रखने की बात पता चली। एसडीएम ने पुलिसकर्मियों से बाथरूम का दरवाजा खुलवाया तो रोते हुए एक-एक कर लड़कियां बाहर निकलीं। लड़कियों को संचालक की सुपुर्दगी में रखा गया है। जिससे उसकी जिम्मेदारी बनी रहे। मामला पयागपुर थाना क्षेत्र का है। एसडीएम ने अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को मामले की जांच सौंपी है। पटिहाट गांव में अवैध मदरसा चल रहा था। ग्रामीणों को शक था, यहां कुछ गलत हो रहा है। बुधवार शाम को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। एसडीएम अश्विनी कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ मदरसा पहुंचे। जब वे मदरसे में प्रवेश करने लगे तो मदरसा संचालक खलील अहमद ने उन्हें अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। पुलिस की सख्ती के बाद एसडीएम महिला पुलिसकर्मियों के साथ अंदर पहुंचे। शुरुआती तलाशी में कोई बच्ची दिखाई नहीं दी, लेकिन जब बाथरूम की जांच की गई तो तीन बाथरूम से 40 लड़कियां रोते हुए बाहर निकलीं।

## ड्यूटी पर जा रही नर्स पर एसिड अटैक

मेरठ। मेरठ के लोहियानगर में मंगलवार रात 9 बजे एक नर्स पर एसिड अटैक हुआ है। नर्स नाइट ड्यूटी के लिए जा रही थी। रात करीब 9 बजे टेंपो स्टैंड के पास एक नाबालिग लड़के ने उस पर तेजाब फेंक दिया। हमले में नर्स बुरी तरह झुलस गई। उनकी चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और सीओ अंतरिक्ष जैन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल महिला को तत्काल नजदीकी अवध अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया- नर्स की बेटी को एक लड़का परेशान कर रहा था। मां के विरोध करने पर उसने एसिड अटैक किया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना लोहियानगर टेंपो स्टैंड के पास स्थित सद्दाम की दुकान के सामने हुई। एल ब्लाक की रहने वाली महिला रुखसाना पत्नी असलम एक निजी अस्पताल में नौकरी करती है। रुखसाना मंगलवार रात करीब 9 बजे ड्यूटी जा रही थी। तभी किसी एक नाबालिग लड़के ने रुखसाना पर अचानक तेजाब डाल दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी।

# चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर आयोजित

### छात्राओं ने यातायात नियमों का पालन करने का लिया संकल्प

**पीलीभीत।** स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस हेड कांस्टेबल परवेज चौधरी ने 239 छात्राओं और नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, मोबाइल से परहेज और नशे में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी इंटर कॉलेज की छात्राएँ भी मौजूद रहीं। छात्राओं ने नियमों का पालन करने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। महिला कांस्टेबल सरिता सिंह ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों पर जानकारी दी और मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति समझाई।

डॉ. अरुण सिंह ने संतुलित आहार, डॉ. पूजा सिंदवानी ने तली-भुनी वस्तुओं से परहेज, डॉ. अरुणा सिंह ने दंत स्वास्थ्य, डॉ. शालिनी ने ईएनटी और डॉ. माही फैज ने स्त्री रोग संबंधी जानकारी दी।

अंत में प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य ही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने छात्राओं से अपेक्षा की कि प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएं और परिवार व समाज को भी जागरूक करें।

# युवाओं को मिला सम्मान, बधाई की भरमार

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** जिले के युवा ने करनाल हरियाणा में बढ़ाया जनपद का मान बढ़ाया है।युवा ही देश का भविष्य है और जब युवा वर्ग की पीढ़ी अपनी जिम्मेदारी समझें तो देश की प्रगति निश्चित है।जनपद के युवा ने करनाल हरियाणा में अंबेडकर नगर का प्रतिनिधित्व कर मान बढ़ाया है।समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु युवा पुरुष अवॉर्ड संकल्प मानव सेवा संस्था के प्रबंधक सूरज गुप्ता को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड की तरफ से निफा संस्था के रजत जयंती समारोह में करनाल,हरियाणा में 23 सितंबर 2025 को मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण की उपस्थिति में निफा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू के द्वारा सम्मानित किया गया।यह जानकारी जनपद वापसी पर 24 सितंबर को सूरज गुप्ता के द्वारा दी गई।सामाजिक संस्था निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स)की सिल्वर जुबली कार्यक्रम 21 से 24 सितंबर 2025 तक दिल्ली भारत मंडपम हरियाणा में देश व केंद्र शासित प्रदेश प्रदेशों सहित लगभग 3000 समाजसेवी सम्मिलित हुए।राष्ट्रीय युवा पुरस्कार एवं छ: बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित हो चुकी संस्था निफा के इस रजत जयंती समारोह में पूरे देश में अम्बेडकरनगर को डिस्ट्रिक्ट यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।संस्था द्वारा अवॉर्डी को मोमेंटों, वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड,इंग्लैंड द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।




रक्तमित्र सूरज गुप्ता ने इस सम्मान को जनपद वासियों को समर्पित किया है।जनपद को मिली इस उपलब्धि पर समस्त जिले के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दे रहे है।

## मेरठ में गुर्जरों की गिरफ्तारी पर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में दादरी महापंचायत में 17 लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में गुर्जर बिरादरी के लोगों ने जमकर हंगामा किया। सुबह करीब 11 बजे विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। भीड़ जेल की तरफ जाने लगी। 4 थानों की फोर्स ने उन्हें रोका। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा- जेल भेजे गए 17 लोगों को पुलिस छोड़े। वहीं जेल में बंद लोगों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने जेल में बंद लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा- शासन और प्रशासन को जल्द ही उनकी रिहाई करनी चाहिए। लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मेरठ पहुंचे। उन्होंने एडीजी से मुलाकात की। कहा- दादरी महापंचायत में हंगामा, पथराव करने वाले बाहरी और मुस्लिम लोग थे। सपा, कांग्रेस सभी विरोधी हैं।

# नमामि गंगे परियोजना के तहत युवाओं को नदी संरक्षण की शपथ दिलाई गई

**ललितपुर।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला गंगा समिति द्वारा कंपोजिट विद्यालय, भरतपुरा में गंगा गोष्ठी, गंगा शपथ, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न आयोजन हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या मंजू लता सिंह ने कहा कि नदियाँ हमारी सभ्यता और संस्कृति की धमनी हैं और उन्हें स्वच्छ रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने नमामि गंगे परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। गोष्ठी में शिक्षकों ने छात्रों को नदियों में बढ़ते प्रदूषण, उसके दुष्परिणामों और संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक सुर में गंगा शपथ ली कि वे नदियों को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने नदी संरक्षण- एक अनिवार्य आवश्यकता जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कूची के माध्यम से स्वच्छ नदियों के सुंदर चित्र उकेरे और प्रदूषण से उनकी दुर्दशा को दर्शाया। कक्षा 8 के छात्र रामबाबू यादव को नदी प्रेरक चुना गया द्य कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया ।

# नाबालिग से रेप के दोषी को 10 साल की कैद

**अमेठी जिला।** अमेठी में नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को कड़ी सजा सुनाई है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के अमटाही निवासी विजय कुमार विश्वकर्मा को कोर्ट ने दोषी करार दिया है।
मामला 13 मई 2024 का है। आरोपी ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया।
तत्कालीन क्षेत्राधिकारी लल्लन सिंह की जांच में मामला सही पाया गया। 3 जुलाई 2024 को आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया गया। सुल्तानपुर की एएसजे-12 कोर्ट ने 24 सितंबर 2025 को फैसला सुनाया।
कोर्ट ने अपहरण की धारा में 5 साल की सजा और 5 हजार रुपये जुर्माना, धमकी की धारा में 1 साल की सजा और पॉक्सो एक्ट में 10 साल की सजा के साथ 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने पर 2 माह की अतिरिक्त सजा होगी।

# मूर्ति विसर्जन स्थलों पर परखी सुरक्षा व्यवस्था

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी

**अम्बेडकर नगर।** तहसील क्षेत्र में आयोजित आगामी मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसडीएम आलापुर सुभाष सिंह क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह एवं खंण्ड विकास अधिकारी जहाँगीरगंज एवं रामनगर समेत सभी थानों के थानाध्यक्षों ने विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया।एसडीएम ने प्रशासनिक टीम के साथ क्षेत्र के विभिन्न विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चहोड़ा घाट, बिड़हरघाट,चाड़ीपुर घाट कम्हरिया घाट सहित आदि घाटों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया।अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की खामियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। एसडीएम सुभाष सिंह ने स्पष्ट कहा कि इस आयोजन पर बड़ी तादात में लोग यहां पहुंचते हैं, यहां पर्याप्त रोशनी,बैरिकेडिंग और सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।



उन्होंने संबंधित विभागों को समय रहते तैयारियां पूरी करने का आदेश दिया।इससे पहले चहोड़ा ग्राम पंचायत में विसर्जन स्थल का अधिकारियों ने निरीक्षण किया।इस दौरान साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था की समीक्षा की मार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए एसडीएम ने खंण्ड विकास अधिकारी रामनगर एवं ग्राम प्रधान को तत्काल सड़क की मरम्मत कराने का निर्देश दिया, ताकि विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं और वाहनों को परेशानी न हो।क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह ने कहा कि विसर्जन शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में होना चाहिए।प्रशासन की तैयारी हर स्तर पर पूरी की जा रही है और कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस मौके पर एडीओ पंचायत रामनगर एवं जहाँगीरगंज तथा सर्किल के सभी थानाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** उत्तर- प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत उच्चाधिकारीगण के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु राजकीय बालिका इण्टर कालेज, ललितपुर में जाकर छात्राओं को शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि , विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- (वूमेन पावर लाइन 1090), (महिला हेल्प लाइन 181), (एम्बुलेंस सेवा 108),(मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076), (पुलिस आपातकालीन सेवा 112), (चाइल्ड हेल्पलाइन 1098), (स्वास्थ्य सेवा 102), (ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी लोग साइबर अपराधों के प्रति जागरूक व सतर्क रहें । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल , ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें , अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें , कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें , प्लेस्टोर से जेनुइन डुश्वश्च ही स्त्रश्2ठ्ठद्यश्ड्डस्त्र करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी डुश्वश्च स्त्रश्2ठ्ठद्यश्ड्डस्त्र न करें, सोशल मीडिया डुश्वश्च जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप आदि पर सिक्योरिटी फीचर ऑन रखें , अपनी निजी व्यक्तिगत जानकारी, या फोटो वीडियो शेयर न करें आदि के बारे में विस्तृत जानाकारी दी गयी । इसके साथ ही साइबर क्राइम का फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत टोल फ्री नम्बर 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या ईमेल आईडी cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करवाये अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दे । तत्पश्चात शहर क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानों, बाजारों,बैंकिंग संस्थान आदि जगहों पर फुटपैट्रोलिंग कर छात्राओं को जागरूक किया गया तथा मनचलों/शोहदों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी गयी । पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनो की चैकिंग के क्रम में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन का संचालन, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, सड़क पर स्टंटबाजी, वाहनों जिन पर जाति सूचक/धर्म सूचक शब्द या अन्य किसी भी उपाधि आदि शब्द अंकित हैं, वाहन पर बिना नंबर प्लेट अथवा दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहनों के विंड स्क्रीन पर ब्लैक फिल्म जैसी यातायात नियमों की अवहेलना करने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। साथ ही, आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया ।



# गाड़ियों पर ताबड़तोड़ एक्शन, ट्रैफिक पुलिस ने काटा चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान सड़क पर स्टंटबाजी,वाहनों पर जाति सूचक/धर्म सूचक शब्द,वाहन पर बिना नंबर प्लेट अथवा दोषपूर्ण नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म,हूटर्स, आदि की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया।



इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालन, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, सड़क पर स्टंटबाजी, वाहनों पर जाति सूचक/धर्म सूचक शब्द,वाहन पर बिना नंबर प्लेट अथवा दोषपूर्ण नंबर प्लेट, वाहनों के विंड स्क्रीन पर ब्लैक फिल्म जैसी यातायात नियमों की अवहेलना करने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। साथ ही, आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया, जिसमें निम्न बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया। दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवारी हेतु हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग। दोपहिया वाहन पर तीन सवारी से परहेज।

निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन। नशे की स्थिति में वाहन न चलाना वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना। चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग ।मॉडिफाइड बिना अनुमति के परिवर्तन किए गए साइलेंसर का प्रयोग न करना।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में टिकटॉक के एल्गोरिदम को नियंत्रित करेगी ओरेकल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चीनी प्लेटफॉर्म टिकटॉक को लेकर बड़ा सौदा हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि तकनीकी क्षेत्र के दिग्गज कंपनी ओरेकल अमेरिकी उपयोगकर्ताओं के लिए टिकटॉक के एल्गोरिदम को नियंत्रित करेगी। अमेरिका में टिकटॉक के भविष्य को लेकर बातचीत में चीनी कपनी बाइटडांस के स्वामित्व वाले एल्गोरिदम पर नियंत्रण मुख्य मुद्दों में से एक था। व्हाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि अगर एल्गोरिदम चीनी है तो यह अनुपालन के अनुरूप नहीं होगा। बाइटडांस के साथ कोई साझा एल्गोरिदम नहीं हो सकता। ओरेकल को एल्गोरिथम की एक प्रति प्राप्त होगी और वह एप के सुरक्षा संचालन की देखरेख करेगा। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप इस हफ्ते के अंत में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें अनिवार्य रूप से यह घोषणा की जाएगी कि इस समझौते की शर्तें अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों को पूरा करती हैं। इसके बाद ट्रंप जरूरी समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए 120 दिन की मोहलत जारी करेंगे।

### नेपाल जैसे आंदोलन का डर, ऑनलाइन सामग्री पर नकेल

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने पड़ोसी देश नेपाल में भ्रष्टाचार, वंशवाद को लेकर जेन-जी के हिंसक आंदोलन के बाद तख्तापलट को देखते हुए ऑनलाइन सामग्री पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। चीनी सरकार को युवाओं के विद्रोह का डर सता रहा। चीनी इंटरनेट नियामक ने सोमवार को हिंसक या शत्रुतापूर्ण भावनाओं को बढ़ावा देने वाली किसी भी ऑनलाइन सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए दो माह के राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की। धीमी होती अर्थव्यवस्था पर निराशावादी बयानों पर कार्रवाई होगी। अभियान हाल में शॉर्ट-वीडियो एप कुआइशौ, माइक्रोब्लॉगिंग साइट वीबो और इंस्टाग्राम जैसी साइट शियाओहोंगशु समेत प्रमुख प्लेटफॉर्म के खिलाफ सामग्री उल्लंघनों पर हुई कार्रवाइयों के बाद शुरू हुआ है। यह घोषणा बीजिंग पुलिस के उस बयान के बाद आई है कि उन्होंने टीवी अभिनेता 37 वर्षीय मेंगलोंग की मौत की अफवाह फैलाने के आरोपी तीन लोगों के खिलाफ अनिवार्य कार्रवाई की है। पुलिस ने कहा, यू की शराब पीने के बाद मौत हुई, लेकिन इन्होंने ध्यान आकर्षित करने को जानकारी गढ़ी और फर्जी वीडियो बनाए, जिससे सार्वजनिक व्यवस्था बाधित हुई।

### नासा ने चुने अपने नए अंतरिक्ष यात्री, पहली बार महिलाओं की संख्या ज्यादा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नासा ने सोमवार को अपने नए अंतरिक्ष यात्रियों की घोषणा की। इस बार 8,000 से ज्यादा आवेदकों में से 10 वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और टेस्ट पायलटों को चुना गया है, जो भविष्य में चंद्रमा और संभवतः मंगल ग्रह की खोज में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस बार की अंतरिक्ष यात्री टीम में पहली बार पुरुषों से ज्यादा महिलाएं शामिल की गई हैं। इनमें एक भूवैज्ञानिक हैं जिन्होंने नासा के क्यूरियोसिटी मार्स रोवर मिशन पर काम किया, एक स्पेसएक्स इंजीनियर हैं जो पहले निजी स्पेसवॉक मिशन में गई थीं, और एक पूर्व स्पेसएक्स लॉन्च डायरेक्टर भी शामिल हैं। इन सभी को अब दो साल की कठोर ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद ही वे अंतरिक्ष उड़ानों के लिए पात्र बनेंगे। नासा के कार्यवाहक प्रशासक शॉन डफी ने कहा कि इनमें से कोई एक व्यक्ति भविष्य में मंगल ग्रह पर कदम रखने वाला पहला इंसान हो सकता है। यह नासा का 24वां अंतरिक्ष यात्री बैच है, जिसकी शुरुआत 1959 में मर्करी सेवन टीम से हुई थी। पिछला बैच 2021 में चुना गया था। नासा के इतिहास में अब तक केवल 370 लोगों को अंतरिक्ष यात्री बनने का मौका मिला है, जो इसे एक बेहद खास और सीमित क्लब बनाता है।

### श्रीलंका में नौसेना प्रमुख ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने 22 सितम्बर को श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में इंडियन पीस कीपिंग फोर्स (आईपीकेएफ) मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह समारोह उन सैनिकों के साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करने के लिए आयोजित किया गया, जिन्होंने श्रीलंका में शांति बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। इस दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने श्रीलंका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और रक्षा मंत्री के साथ मुलाकात की। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने, नौसैनिक साझेदारी मजबूत करने और संयुक्त प्रशिक्षण को लेकर चर्चा हुई। यह दौरा भारत और श्रीलंका के बीच दोस्ती, समुद्री सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# हमास ने 3 फिलिस्तीनियों को सरेआम मौत के घाट उतारा

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल के ताबड़तोड़ हमले और विध्वंसक कार्रवाई के बीच हमास आतंकियों ने गाजा में तीन फिलिस्तीनियों को सरेआम मौत के घाट उतार दिया। जिस वक्त नकाबपोश हमास आतंकी तीनों फिलिस्तीनी नागरिकों को सजा-ए-मौत दे रहे थे, उस वक्त वहां मौजूद भीड़ नारे लगा रही थी। आरोप है कि तीनों फिलिस्तानी नागरिक गाजा में इजरायली अभियान को मदद पहुंचा रहे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, हमास से जुड़े एक टेलीग्राम ग्रुप पर मूल रूप से पोस्ट की गई इस हत्या की भयावह फुटेज में, तीन लोग आँखों पर पट्टी बाँधे, जमीन पर घुटनों के बल बैठे दिखाई दे रहे हैं, उनके सामने हमास के तीन बंदूकधारी आतंकी स्वचालित हथियार लिए हुए हैं, जबकि चौथा व्यक्ति ऊँची आवाज़ में अरबी में कागज़ के एक टुकड़े पर लिखा हुआ पढ़ रहा है।

बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नकाबपोश हमास आतंकवादियों ने गाजा शहर के शिफा अस्पताल के बाहर ये हत्याएँ कीं हैं। यह अस्पताल इजरायल के जमीनी हमले के केंद्र में रहा है। पीड़ितों की आँखों पर पट्टी बाँधकर और घुटनों के बल बैठाकर, भीड़ के जयकारे के बीच उन्हें कई बार गोली मारी गई। न्यू यॉर्क पोस्ट के अनुसार, इस दौरान एक बंदूकधारी ने फांसी से पहले अरबी में घोषणा करते हुए कहा कि इजरायल के इन सभी सहयोगियों के लिए मौत की सज़ा मुकर्रर की गई है।



**तुम्हारा विश्वासघात तुम्हें नहीं बख्श सकता :** बाद में हमास आतंकियों ने उन फिलिस्तीनियों को शवों पर हस्तलिखित नोट छोड़ दिए, जिन पर लिखा था÷ ÷तुम्हारा विश्वासघात तुम्हें बिना सज़ा के नहीं बख्श सकता। कड़ी सज़ा का इंतज़ार था। वह पूरा हुआ।÷ हमास के गृह मंत्रालय ने इन मृतक फिलिस्तीनियों को अपराधियों का एक समूह बताया है, जिन्होंने इज़रायल के साथ मिलकर देशद्रोह का काम काम किया था। एक फ़िलिस्तीनी सुरक्षा अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि इन हत्याओं को फ़िलिस्तीनी प्रतिरोध के संयुक्त अभियान के लोगों ने अंजाम दिया है, जबकि न्यू यॉर्क पोस्ट के अनुसार, क़स्साम ब्रिगेड, इस्लामिक जिहाद और मुजाहिदीन ब्रिगेड जैसे सशस्त्र समूहों ने कथित तौर पर इन हत्याओं को अंजाम दिया है।

**यासर अबू शबाब कौन था, जिसे सरेआम दी गई सजा-ए मौत :** जिन लोगों को सरेआम मौत के घाट उतारा गया है, उनमें से एक, यासर अबू शबाब, को इजरायल का प्रमुख सहयोगी बताया गया है। कथित तौर पर वह इज़रायल के एक सशस्त्र कबीले का नेतृत्व करता था और इज़रायली नियंत्रण वाले राफ़ा में सक्रिय था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह कबीला खुद को हमास का विरोधी बताता था, हालाँकि अबू शबाब ने इस बात से इनकार किया था कि इज़रायल ने उसके समूह को हथियार दिए थे।

**पहले भी हमास दे चुका ऐसी हत्याओं को अंजाम :** तीन फिलिस्तीनी नागरिकों की सरेआम हत्या की घटना कथित असंतुष्टों के खिलाफ हमास की हिंसक बदले की एक प्रवृत्ति दिखाती है। इससे पहले मई में भी हमास आतंकियों ने मानवीय सहायता और राहत सामग्री लूटने के आरोप में छह फ़िलिस्तीनियों को मौत के घाट उतार डाला था और 13 अन्य को पैरों में गोली मार दी थी।

**गाजा में जारी है ढ्ढष्ठस्न का अभियान :** इस बीच, इजरायली सेना गाजा सिटी में अपना अभियान जारी रखे हुए है। ढ्ढष्ठस्न लगातार हमास के बुनियादी ढांचों और हमास लड़ाकों को निशाना बना रही है। इजरायली सेना ने कहा कि उसका उद्देश्य हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराना और समूह के ÷मुख्य गढ़÷ कहे जाने वाले क्षेत्र में 3,000 आतंकवादियों को हराना है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दक्षिणी इजरायल पर 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के जवाब में शुरू हुए इस हमले में गाजा में अब तक कम से कम 65,344 लोग मारे गए हैं।

## मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए थी, बाइडन को फिर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से न रोकने पर हैरिस को अफसोस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें जो बाइडन को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में दोबारा न उतरने की सलाह देनी चाहिए थी। लेकिन उस समय उन्होंने ऐसा नहीं किया, जिसका उन्हें अब अफसोस है। कमला हैरिस का कहना है कि उस वक्त ज्यादातर अमेरिकी मानते थे कि जो बाइडन उम्रदराज हो चुके हैं और राष्ट्रपति पद का दूसरा कार्यकाल संभालना उनके लिए बेहद कठिन होगा। राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद पहली बार एक न्यूज चैनल से लाइव इंटरव्यू में कमला हैरिस ने सोमवार को कहा, मेरे पास एक खास जिम्मेदारी थी, जिसे मुझे निभाना चाहिए था। मैंने उस समय अपने मन की बात खुलकर नहीं कही।

**अपनी किताब में भी हैरिस ने किया जिक्र :** कमला हैरिस ने हाल ही में 107 डेज नाम की किताब लिखी है, जिसमें उन्होंने विस्तार से बताया है कि बाइडन के चुनाव से हटने के बाद कैसे उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान संभाली। किताब में उन्होंने लिखा कि व्हाइट हाउस में हर कोई यही कहता था कि चुनाव लड़ने या न लड़ने का फैसला सिर्फ जो और जिल बाइडन का निजी निर्णय है। लेकिन अब उन्हें लगता है कि यह सिर्फ बाइडन दंपत्ति का व्यक्तिगत फैसला नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा, क्या वह शालीनता थी या



लापरवाही? अब पीछे मुड़कर देखती हूं, तो लगता है कि यह लापरवाही थी। बहुत बड़ा दांव था। यह किसी एक व्यक्ति के अहंकार या महत्वाकांक्षा का विषय नहीं होना चाहिए था। यह एक बड़ी राजनीतिक जिम्मेदारी का मामला था।

इस दौरान कमला हैरिस ने साफ कहा कि जब वे लापरवाही शब्द का इस्तेमाल करती हैं, तो उसमें सबसे बड़ा इशारा खुद की तरफ होता है। उन्होंने माना कि उस समय उन्हें राष्ट्रपति जो बाइडन से खुलकर कहना चाहिए था कि वे दोबारा चुनाव न लड़ें। लेकिन ऐसा न कर पाने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा, मुझे डर था कि अगर मैं यह कहूंगी, तो लोग समझेंगे कि मैं खुद राष्ट्रपति पद के लिए मैदान तैयार कर रही हूं। यह पूरी तरह स्वार्थी कदम माना जाता। हैरिस ने याद दिलाया कि 2020 में उन्होंने राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक नामांकन की दौड़ में बाइडन के खिलाफ चुनाव लड़ा था, बाद में उन्होंने उपराष्ट्रपति का पद संभाला।

## बच्चों को सूटकेस में बंद कर विदेश भाग गई महिला, कोर्ट में सुनवाई के दौरान रो पड़े जज

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की एक अदालत ने अपने ही दो बच्चों की हत्या करने की आरोपी महिला को दोषी करार दिया है। जानकारी के मुताबिक महिला 6 और आठ साल के दो बच्चों को सूटकेस में बंद करके विदेश चली गई थी। घटना के चार साल बाद एक स्टोर में पड़ा सूटकेस जब खोला गया तो बच्चों के कंकाल मिले। जानकारी के मुताबिक न्यूजीलैंड की महिला 2018 में साउथ कोरिया चली गई थी और अपना नाम बदलकर रह रही थी। नवंबर 2022 में आरोपी महिला को साउथ कोरिया से प्रत्यर्पित कर दिया गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक न्यूजीलैंड की नागरिक ली का कारनामा सुनकर कोर्ट में सुनवाई करने वाले जजों के भी आंख में आंसू आ गए। आरोपी महिला के पति की 2017 में मौत हो गई थी। इसके बाद दोनों बच्चो की जिम्मेदारी ली पर ही थी। आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि उसने दोनों बच्चों को जहर देकर सूटकेस में बंद कर दिया था। ली के वकील ने कोर्ट में दावा किया कि पति की मौत के बाद वह सदमें थीं और उनकी स्थिति पागलों की तरह



हो गई थी। ऐसे में उन्हें सही गलत की समझ नहीं रह गई और मानसिक स्थिति खराब होने की वजह से वह दोनों बच्चों को मारकर खुद भी सूइसाइड करना चाहती थी। दरअसल ली अपना सामान एक लॉकर में रखकर साउथ कोरिया चली गई थी। 2022 में आर्थिक समस्या की वजह से वह लॉकर की फीस नहीं दे पाई। इसके बाद उनके सामान की ऑनलाइन नीलामी हुई। खरीदने वाले ने सूटकेस खोला तो देखा कि उसमें बच्चों के कंकाल हैं। कोर्ट ने ली को दोषी करार देते हुए कहा कि 26 नवंबर को उन्हें सजा सुनाई जाए। न्यूजीलैंड के कानून के मुताबिक हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा हो सकती है। इसके अलावा 10 साल पूरे करने से पहले उसे परोल भी नहीं दी जाती है।

## दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता, इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर बोला संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बोलते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इस्राइल और फलस्तीन के बीच दशकों पुराने संघर्ष को सुलझाने का केवल एक ही तरीका है- दो-राज्य समाधान। उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि मौजूदा चुनौतियों का हल तभी निकल सकता है जब इस्राइल और फलस्तीन, दो स्वतंत्र देशों के रूप में, साथ-साथ शांति और सुरक्षा के साथ रहें।

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन के बाद फ्रांस का एलान :** इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फलस्तीन को औपचारिक रूप से राज्य के रूप में मान्यता देने की घोषणा की। इससे पहले कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन भी रविवार को यह एलान कर चुके हैं। अब तक 140 से अधिक देश फलस्तीन को



मान्यता दे चुके हैं। फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों का यह कदम खास मायने रखता है क्योंकि ये दोनों जी-7 समूह और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं। इमैनुएल मैक्रों ने कहा, यह फैसला हमास की हार है। दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता है जिससे इस्राइल और फलस्तीन शांति से रह सकेंगे।

**इस्राइल की कड़ी प्रतिक्रिया :** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इन घोषणाओं को आतंकवाद को इनाम करार दिया। उन्होंने कहा, 7 अक्तूबर के हमले के बाद फलस्तीन को मान्यता देना आतंकियों को पुरस्कृत करने जैसा है। यह कभी नहीं होगा। नेतन्याहू ने साफ कहा कि जॉर्डन नदी के पश्चिम में कभी फलस्तीनी राज्य नहीं बनेगा। इस्राइली विदेश मंत्रालय ने भी इन देशों के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि शांति तभी संभव है जब फलस्तीनी प्राधिकरण आतंकवाद और भड़काऊ गतिविधियों को पूरी तरह रोके। मंत्रालय का कहना है कि राजनीतिक दिखावे की बजाय देशों को हमास पर दबाव डालना चाहिए कि वह बंधकों को छोड़े और अपने हथियार डाले।

**इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर भारत का रुख :** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दो-राज्य समाधान के पक्ष में एक प्रस्ताव लाया गया था। भारत समेत 142 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया था। फलस्तीन के विदेश मंत्रालय ने कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत करते हुए इसे शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

**भारत यूएन में एक महत्वपूर्ण आवाज है :** न्यूयॉर्क में चल रहे संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कई अहम मुद्दों पर बयान दिया। इस दौरान दुजारिक ने कहा कि इस बार का बड़ा मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में सुधार है, ताकि यह संगठन 2025 की दुनिया के हिसाब से ज्यादा तेज, प्रभावी और प्रतिनिधित्वकारी बने। उन्होंने कहा, भारत संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का बहुत अहम हिस्सा है। भारत बहुपक्षवाद का मजबूत समर्थक है और महासचिव के भारत सरकार से बहुत अच्छे संबंध हैं।

## फ्रांस में 80 जगहों पर फहराए गए फिलिस्तीनी झंडे, मान्यता के जश्न से तनाव की आशंका

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस ने इजरायल और अमेरिका के विरोध में जाते हुए फिलिस्तीन को मान्यता दे दी है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ में इसका ऐलान कर दिया है। यही नहीं इस बीच फ्रांस के अंदर भी इस मसले पर तनाव पैदा होता दिख रहा है। इजरायल ने फ्रांस के फैसले को आतंकियों को बढ़ावा देने वाला बताया है तो वहीं अमेरिका भी इस फैसले से सहज नहीं है। अहम बात यह है कि फ्रांस के अंदर भी इसे लेकर चिंताजनक स्थिति पैदा हो सकती है। वजह यह है कि फिलिस्तीन को मान्यता देने के मौके पर फ्रांस में कुल 86 जगहों पर फिलिस्तीन के झंडे फहराए गए हैं। कई जगहों पर आयोजन भी हुए हैं।



इस तरह फ्रांस में लेफ्ट विंग की राजनीति करने वाले फिलिस्तीन को मान्यता देने का समर्थन कर रहे हैं, लेकिन एक वर्ग इससे नाराज भी है। फ्रांस में इसे लेकर चिंता भी बढ़ सकती है। इसकी वजह यह है कि फ्रांस यूरोप का सबसे ज्यादा यहूदी आबादी वाला देश है। यहां कुल 5 लाख यहूदी बसते हैं और वहां के अहम प्रतिष्ठानों में महत्वपूर्ण पदों पर भी हैं। ऐसे में यदि फिलिस्तीन को मान्यता देने का जश्न अधिक मना तो नाराजगी देखी जा सकती है। फ्रांस सरकार ने फिलिस्तीन को मान्यता देने का जश्न मनाने या फिर झंडा आदि फहराने पर रोक लगा रखी थी। इसके बाद भी आयोजन हुए हैं।

फ्रांस के लयॉन, नानतेस, रेनेस जैसे शहरों में फिलिस्तीन के झंडे फहराए गए हैं। इसके अलावा पेरिस के सिटी हॉल में भी एक आयोजन हुआ। इस दौरान आधे घंटे तक फिलिस्तीन का झंडा फहराया गया। ऐसा तब हुआ, जबकि सोशलिस्ट मेयर ऐने हिडाल्गो ने ऐसे आयोजन का विरोध भी किया। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने कहा कि देश भर में 86 स्थानों पर ऐसे आयोजन हुए हैं। अब कुछ लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में ऐक्शन होना चाहिए। अदालत में केस दायर करना चाहिए। इन लोगों की नाराजगी है कि आखिर दूसरे देश के झंडे फहराने के लिए फ्रांस में आयोजन क्यों किए जा रहे हैं। बता दें कि 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने भीषण आतंकी हमला इजरायल में किया था।

इस हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 250 के करीब लोगों को अगवा कर लिया गया था। इस हमले के बाद इजरायल ने गाजा में हमास के ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। यह जंग अब भी लगातार जारी है। इसी जंग के विरोध में फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन जैसे देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता देने की बात कही है।

## डेनमार्क के बाद नॉर्वे के ओस्लो एयरपोर्ट के ऊपर उड़ान भरते देखे गए ड्रोन, घंटों बाधित रहे एयरस्पेस




**ओस्लो, एजेंसी।** पोलैंड और एस्टोनिया में संदिग्ध रूसी ड्रोन्स देखे जाने के बाद यूरोप में चिंता का माहौल है। इस बीच डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में सोमवार देर रात कुछ ड्रोन्स देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस और एयरपोर्ट अधिकारियों ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि ड्रोन्स देखे जाने के बाद 15 से ज्यादा उड़ानों का मार्ग बदला गया। इस बीच सोमवार देर रात ही नॉर्वे के ओस्लो हवाई अड्डे के पास भी एक ड्रोन के देखे जाने की खबरें आई हैं, जिसके चलते एयरपोर्ट के ऊपर पूरे हवाई क्षेत्र को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, डेनमार्क के एयरपोर्ट के ऊपर सोमवार को दो से तीन बड़े ड्रोन्स देखे गए। अभी यह साफ नहीं है कि यह ड्रोन्स किस तरह के थे या कहां से भेजे गए थे। हालांकि, इनकी पहचान होते ही फ्लाइट्स की तुरंत लैंडिंग करा ली गई और उड़ान भरने जा रहे विमानों का टेकऑफ रोक दिया गया। कुछ अन्य विमानों को दूसरे एयरपोर्ट डायवर्ट कर दिया गया। यूरोकंट्रोल के मुताबिक, कम से कम 50 उड़ानों को अब तक रद्द किया जा चुका है, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट दूसरे एयरपोर्ट्स भेजी गई हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, कोपनहेगन जाने वाले कम से कम 35 विमानों को अपना मार्ग बदलना पड़ा है। एयरपोर्ट की तरफ से एक्स पर किए गए एक पोस्ट के मुताबिक कोपनहेगन हवाई अड्डे के आसपास रात 11-12 के बीच भी हवाई संचालन बाधित रहा। इसके चलते डेनमार्क की राजधानी जाने वाली अधिकतर फ्लाइट्स को या तो दूसरे एयरपोर्ट रवाना किया गया है या रद्द कर दिया गया है। ओस्लो एयरपोर्ट पर भी ड्रोन दिखा, हवाई सेवाएं रोकी गईं दूसरी तरफ नॉर्वे की राजधानी ओस्लो के एयरपोर्ट के ऊपर भी एक संदिग्ध ड्रोन के उड़ान भरते देखे जाने की खबरें हैं। नॉर्वे के एयरपोर्ट संचालक एविनोर के मुताबिक, गार्डेमोएन एयरपोर्ट के ऊपर हवाई क्षेत्र को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल ड्रोन की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है, हालांकि इसके पायलट का अब तक पता नहीं चल पाया है। बताया गया है कि इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे मध्य ओस्लो में प्रतिबंधित सैन्य क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के आरोप में पूछताछ जारी है।

## अमेरिका ने पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को सजा सुनाने वाले जज की पत्नी पर लगाए प्रतिबंध

**साओ पाउलो, एजेंसी।** अमेरिका ने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट के उस जज की पत्नी पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो के खिलाफ कथित तख्तापलट की साजिश के मामले की जांच की थी। बोल्सोनारो को इसी महीने 27 साल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने ब्राजील के सॉलिसिटर जनरल जोर्ज मेसियास का भी अमेरिकी वीजा रद्द कर दिया है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर फैसले की आलोचना की थी। जस्टिस अलेक्जेंड्रे डे मोराइस की पत्नी विवियाने बार्सी डे मोराइस को अमेरिकी ग्लोबल मैगनिट्स्की एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। यह कानून आमतौर पर मानवाधिकारों का हनन करने वालों के खिलाफ इस्तेमाल होता है। जस्टिस डे मोराइस खुद भी इसी कानून के तहत पहले निशाने पर आ चुके हैं, क्योंकि उन्होंने बोल्सोनारो के खिलाफ जांच की निगरानी की थी। यह ट्रंप प्रशासन की ओर से ब्राजील के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की कड़ी में ताजा मामला है। इससे पहले भी ब्राजील के कई अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं और देश के अमेरिकी निर्यात पर टैरिफ पचास फीसदी तक बढ़ा दिए गए हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के जज मोराइस के साथ काम करने वाले अन्य कुछ जजों के भी अमेरिकी वीजा रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, इन जजों ने व्यक्तिगत रूप से इसकी पुष्टि नहीं की है। मोराइस परिवार की



एक होल्डिंग कंपनी पर भी मैगनिट्स्की एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। ट्रंप के हमलों से प्रभावित नहीं होंगी ब्राजील की संस्थाएं÷ जस्टिस डे मोराइस जस्टिस डे मोराइस ने एक बयान में कहा कि ब्राजील की संस्थाएं मजबूत और स्थिर हैं और ट्रंप प्रशासन के हमलों से प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी पर लगाया गया प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय कानून, ब्राजील की संप्रभुता और न्यायपालिका की आजादी पर हमला है।

**अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा :** वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि जस्टिस डे मोराइस ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अदालतों का राजनीतिक हथियार बनाया, बिना मुकदमे के गिरफ्तारी के आदेश दिए और अभिव्यक्ति की आजादी को दबाया। मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये प्रतिबंध उन कदमों का हिस्सा हैं, जो ट्रंप प्रशासन ने जस्टिस मोराइस को उनके अधिकारों के दुरुपयोग, राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार ठहराने के मकसद से उठाए हैं। पूर्व राष्ट्रपति जेर बोल्सोनारो पर आरोप है कि उन्होंने साल 2022 में चुनाव हारने के बाद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश की। हालांकि, उन्होंने अब तक अपील दायर नहीं की है और उन्हें जेल नहीं भेजा गया है। ब्राजील के सॉलिसिटर जनरल मेसियास ने अमेरिकी कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया और कहा कि वह जिम्मेदारी और मजबूती से अपना काम करना जारी रखेंगे। शुक्रवार को ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री अलेक्जेंड्रे पादिल्हा ने भी कहा कि वह अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासाभा की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें ऐसा वीजा दिया है, जिसमें देश के अंदर यात्रा पर पाबंदी है।

# टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा, पांड्या-चक्रवर्ती और अभिषेक टॉप पर बरकरार




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उनके 747 अंक हो गए हैं।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाड़ियों की प्रगति

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ के औसत से छह विकेट चटकाए हैं।

### पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन

ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पंड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं।

### अभिषेक की धमाकेदार बल्लेबाजी

बल्लेबाजी रैंकिंग में सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेजतर्रार पारी खेलने के अलावा रविवार को पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है।

### सूर्यकुमार, फरहान और तलत का उभार

कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। भारत के खिलाफ 45 गेंद में 58 रन की पारी खेलने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के फायदे से 24वें पायदान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग लगाकर पुरुष टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं।

### सैफ हसन की शानदार पारी

बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार चरण के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं।

## प्रसिद्ध कृष्णा के सिर में लगी चोट, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान हादसा



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारत ए के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को आज ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे मैच के दौरान सिर में चोट लग गई, जिसके बाद बाकी बचे मैचों के लिए यश ठाकुर को कन्कशन सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान में उतारा गया। यह घटना मैच के दूसरे दिन हुई जिससे वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं। भारत ए की पारी के 39वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ए के तेज गेंदबाज़ हेनरी थॉर्नटन की गेंद कृष्णा के हेलमेट पर लगी, जब वे बाउंसर को पुल करने की कोशिश कर रहे थे।

चोट लगने के बाद कृष्णा का अनिवार्य कन्कशन असेसमेंट हुआ और उन्होंने शुरुआत में अपनी पारी जारी रखी। हालांकि, 42वें ओवर के बाद वे ड्रेसिंग रूम वापस चले गए और उनकी जगह मोहम्मद सिराज क्रीज पर आए। भारत ए की पारी आगे बढ़ने पर सिराज के आउट होने के बाद गुरनूर बरार 11वें नंबर पर आए। जब साई सुदर्शन आउट हुए तो यश ठाकुर को कन्कशन सब्स्टीट्यूट नियमों के तहत अंतिम एकादश में कृष्णा की जगह आधिकारिक तौर पर शामिल किया गया। भारत ए पहली पारी में 194 रन पर आउट हो गई और ऑस्ट्रेलिया ए के 420 रनों के विशाल स्कोर से पीछे रह गई। दूसरे दिन स्टंप्स के समय ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 16 रन बनाए थे और मैच में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी। कृष्णा की चोट की गंभीरता की अभी पुष्टि नहीं हुई है। भारत के चयनकर्ता 2 अक्टूबर से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी दो मैचों की श्रृंखला के लिए टेस्ट टीम को अंतिम रूप देने के लिए आज बैठक करने वाले हैं। कृष्णा जसप्रीत बुमराह, सिराज और आकाश दीप के साथ तेज गेंदबाजी विभाग के दावेदारों में शामिल हैं। इन गेंदबाजों ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के दौरान भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का आधार बनाया था, जहां कृष्णा ने तीन मैचों में 37.07 की औसत से 14 विकेट लिए थे। वर्तमान भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए श्रृंखला अगस्त के पहले सप्ताह में इंग्लैंड दौरे के समापन के बाद से कृष्णा का पहला प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन है। पहले मैच में उन्होंने 21 ओवर में 90 रन देकर एक भी विकेट नहीं लिया था और दूसरे मैच की पहली पारी में उन्होंने 17 ओवर में 76 रन देकर 1 विकेट लिया था।

## अभिषेक 900 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने



**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को आईसीसी टी20 रैंकिंग में 23 अंकों का लाभ हुआ है। एशिया कप 2025 में ओमान के खिलाफ 38 और पाकिस्तान के खिलाफ 74 रनों की पारी खेलने के बाद उनकी रेटिंग 907 पहुंच गई है। इसी के साथ ही अभिषेक 900 रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली के बाद तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने हैं। सबसे अधिक रेटिंग अंक इंग्लैंड के डेविड मलान के नाम 919 हैं। वहीं दूसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं उनके 912 जबकि विराट कोहली के 909 रेटिंग अंक हैं। इसके बाद 907 रेटिंग अंक के साथ ही अभिषेक चौथे स्थान पर हैं।

वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती जबकि ऑलराउंडरों में हार्दिक पांड्या शीर्ष पर बरकार हैं। भारतीय बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा के अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव को 1-1 स्थान का फायदा हुआ है। तिलक तीसरे जबकि सूर्यकुमार छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 31 स्थान के लाभ के साथ ही 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाक के ही हुसैन तलत को श्रीलंका के खिलाफ अच्छी पारी खेलने के कारण लाभ मिला है। वह 1474 पायदान की लंबी छलांग लगाकर संयुक्त 234वें स्थान पर पहुंच गए हैं।पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने गेंदबाजों की रैंकिंग में 12 पायदानों की लंबी छलांग लगाकर सीधा चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 747 की रेटिंग के साथ पहले पायदान पर बने हुए हैं। इनके अलावा श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा एक पायदान ऊपर 6ठे जबकि बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान 6 पायदान की छलांग लगाकर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड, शानदार 70 रनों की पारी में लगाए 6 छक्के



**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** भारत के 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी अंडर-19 मैच में दर्शकों को मैदान पर खींच ला रहे हैं। आईपीएल 2025 के बाद सूर्यवंशी ने 24 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। ऐसा करते हुए उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट वन-डे में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

पिछला रिकॉर्ड भारत के अंडर-19 विश्व कप 2012 विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 38 छक्के लगाए थे। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन क्रमशः 30 और 22 छक्कों के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वहीं इस बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी के अब 10 मैचों में 41 छक्के हो गए हैं। वह एकदिवसीय क्रिकेट में लगभग 13 गेंदों पर एक छक्का लगाते हैं।

मैच में सूर्यवंशी ने धीमी शुरुआत के बाद तेज गति पकड़ी। पिछले मैच में 33 रनों की छोटी पारी खेलने के बाद सूर्यवंशी की शुरुआत धीमी रही क्योंकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान आयुष म्हात्रे दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। सूर्यवंशी ने चौथे ओवर में अपना पहला चौका लगाया। एक समय वह 29 गेंदों पर 10 रन बनाकर खेल रहे थे।

नौवें ओवर में जॉन जेम्स को मैदान पर उतारा गया और सूर्यवंशी ने उन्हें बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर छक्का जड़ा। 12वें ओवर में सूर्यवंशी ने हेडन शिलर की गेंद पर दो छक्के लगाए। उन्होंने 54 गेंदों में एक छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर में सूर्यवंशी यश देशमुख की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 68 गेंदों में 70 रन की पारी में 6 छक्कों के अलावा पांच चौके भी लगाए। उनके आउट होने के समय भारत अंडर-19 का स्कोर 117/2 था।

## सैमसन की जगह राहुल होता तो मैच पांच ओवर पहले ही खत्म हो जाता : अख्तर



लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है भारतीय टीम में अगर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन नहीं होते तो पाक टीम सुपर फोर मुकाबले में और भी जल्दी हार जाती।अख्तर ने एक शो में कहा, अगर इस टीम में केएल राहुल होते तो हमारी और खराब हार होती। उन्होंने कहा कि सैमसन की जगह केएल राहुल को होना था।अगर वह होता तो एक से बढ़कर एक शॉट लगाता।अगर राहुल होता तो ये मैच पांच ओवर पहले ही समाप्त हो जाता।एशिया कप के सुपर 4 मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया था।पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टीम ने एक ओवर पहले ही चार विकेट के नुकसान पर ये लक्ष्य हासिल कर लिया था।भारतीय टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने 39 गेंद में 74 और शुभमन गिल ने 28 गेंद में 47 रन बनाये जबकि तिलक वर्मा ने 19 गेंदों में 30 रन बनाये।वहीं संजू सैमसन 17 गेंदों में केवल 13 रन ही बना पाये थे।वहीं इससे पहले ग्रुप स्तर के मुकाबले में भी भारतीय टीम ने पाक को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से हराया था।

## कार्तिक हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, अश्विन भी खेलेंगे



मुम्बई ।पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को नवंबर में होने वाले हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाया गया है।इस टूर्नामेंट में पूर्व स्पिनर आर अश्विन भी खेलते हुए दिखेंगे।यह टूर्नामेंट सात नवंबर से शुरु होगा।कार्तिक ने कहा, ''हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।इसमें मुझे कई अच्छे खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा, इसलिए मैं इसमें खेलने को लेकर उत्साहित हूं।इसमें हमारा लक्ष्य निडर होकर खेलना रहेगा।'' वहीं हाल में आईपीएल को अलविदा कहने वाले अश्विन भी इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।संन्यास के बाद ही उन्होंने विदेशी लीग में संभावनाएं तलाशने की बात कह दी थी।ऐसे में हांगकांग सिक्सेज में खेलने को लेकर अश्विन भी काफी उत्साहत हैं।उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि यह बेहद रोमांचक साबित होगा, जिसमें वह अपने पूर्व साथियों के साथ खेलने को लेकर उत्सुक हैं।अश्विन और कार्तिक के खेलने को लेकर क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ भी उत्साहित हैं।श्रॉफ ने कहा, '' कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हमें खुशी हो रही है।उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें भरोसा है कि उनकी मौजूदगी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनेगी।''

## हार से निराश श्रीलंकाई कप्तान बोले, लगातार दो विकेट गिरने से मैच हमारे हाथ से फिसला



**अबू धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप के दूसरे सुपर फोर मैच में पाकिस्तान से मिली हार के बाद श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान चरिथ असलांका ने निराशा जतायी है। इस हार से श्रीलंकाई टीम फाइनल की रेस से तकरीबन बाहर हो गयी है। इस मैच में उसे पाक के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पहले सुपर फोर में उसे बांग्लादेश ने हराया था। असलांका ने माना है कि बल्लेबाजी के दौरान आठवें ओवर में दो बल्लेबाजों के आउट होने से मुकाबला उनकी टीम के हाथ से निकल गया था। असलांका स्वयं उस ओवर में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। वहीं उनके बाद अगली गेंद पर ही दासुन शनाका भी पेवेलियन लौट गये। इससे श्रीलंकाई टीम श्रीलंका 133 रन ही बना पायी।

असलांका ने कहा, हमारे सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाये। पावरप्ले के अंत तक हमारे पास केवल 53 रन थे। हमने तीन विकेट गंवा दिए थे पर हम तब भी अच्छी स्थिति में थे, क्योंकि पावरप्ले में इतने रन बनाना आसान नहीं होता पर मैं और दासुन लगातार गेंदों पर आउट हो गए और यही वह समय था जब सबसे अधिक नुकसान हुआ।

उन्होंने आगे कहा, जब हम आउट हुए, तब न तो दासुन और न ही मैं बड़े शॉट लगाने के प्रयास कर रहे थे। ।हालांकि टीम की खराब बल्लेबाजी के लिए हम इस प्रकार का बहाना नहीं बना सकते। हमें जिम्मेदारी लेनी ही होगी। इस मैच में कामिंदु मेंडिस ने 44 गेंदों पर 50 रन बनाकर टीम को कुछ सम्मानजनक बनाया।

उन्होंने आगे कहा, हमने अपनी पारी के पहले भाग में पांच विकेट गंवा दिए थे, और ऐसे में वापसी करना काफी कठिन होता है। कामिंदु और अन्य खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रयासा किया पर वानिन्दु के आउट होने से टीम का और अधिक रन बनाने का सपना टूट गया।

कप्तान ने कहा, हमने अब तक एक अतिरिक्त गेंदबाज के साथ उतरकर देखा है पर तब हमें एक विशेषज्ञ बल्लेबाज की कमी खली जिससे टीम रनों के मामले में पीछे रह गयी। कई बार हमने एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ खेला है पर तब हम कम गेंदबाज होने से कोर का बचाव नहीं कर पाए। ऐसे में अब हमें सीखना होगा कि र पार्ट-टाइम गेंदबाजों का बेहतर इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें हमें सुधार करने की जरूरत है।पाक के खिलाफ मुकाबले में श्रीलंका ने इस मुकाबले के लिए अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने और कामिल मिशारा को बाहर करके करुणारत्ने को उतारा था।

## इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर फेया डेविस अब वकालत करती दिखेंगी





लंदन ।इंग्लैड की महिला क्रिकेटर फेया डेविस अब वकालत करेंगी।फेया ने 29 साल की उम्र में ही क्रिकेट को अलविदा कह दिया है।ऐसे में अब उनका पेशा बदल रहा है।वह पेशेवर क्रिकेटर की जगह पर वकील बन गयी हैं।फेया ने ये फैसला इसलिए किया है, क्योंकि अब वह वकालत की दुनिया में नाम कमाना चाहती हैं।वह ट्रेनी सॉलिसिटर के रूप में नय करियर शुरू कर रही हैं।इस खिलाड़ी ने अपना अंतिम मुकाबला हैंपशायर की टी की ओर से लंकाशायर के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप का फाइनल खेला था।उस मैच में फेया नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 41 रन बनाये थे। इसके अलावा 9.3 ओवर में 38 रन देकर फेया ने एक विकेट भी लिया था हालांकि वह अपनी टीम की हार नहीं टाल पायीं।फेया ने ससेक्स के लिए डेब्यू किया था।फेया ने इंग्लैंड के लिए टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय भी खेले हैं पर वह टेस्ट प्रारुप में जगह नहीं बना पायीं फेया को 35 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है।करीब 15 साल तक उन्होंने क्रिकेट खेला, लेकिन अब वह अदालत में बहस करती हुई दिखेंगी।साल 2019 के बाद से 2023 तक 9 एकदिवसीय और 26 टी20 मैच खेलने वालीं फेया डेविस ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 23 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 विकेट लिए थे।

## कमाई कम होने और अवसर नहीं मिलने से डिकॉक ने बदला फैसला



**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** । दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर क्विंटन डिकॉक के एकदिवसीय क्रिकेट में संन्यास से वापसी का राज सामने आया है। इसके दो कारण सामने आये हैं। एक कारण संन्यास के बाद उम्मीद से कम कमाई होना और दूसरा टी20 में खेलने के पर्याप्त अवसर नहीं मिलना है। डिकॉक ने दो साल पहले खेल से संन्यास ले लिया था तब उनकी नजरें विदेशी लीग में मोटी कमाई पर थीं पर उन्हें अधिक लाभ नहीं मिला। इसी कारण उन्हें वापसी करनी पड़ी है। डिकॉक ने साल 2021 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद से ही वह एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय में सक्रिय थे पर 2023 के एकदिवसीय विश्व कप के बाद उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप को भी अलविदा कह दिया था। वह दुनिया की अलग-अलग टी20 लीग्स में खेलना चाहते थे और दक्षिण अफ्रीका के लिए सिर्फ टी20 क्रिकेट खेलने वाले थे पर एकदिवसीय से संन्यास के बाद उन्हें टी20 टीम से भी बाहर कर दिया गया था। उन्होंने अपना अंतिम टी20 मैच दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 विश्व कप 2024 में खेला था। डिकॉक को दक्षिण अफ्रीका की टीम में अधिक अवसर मौके नहीं मिल पा रहे थे। एक साल से ज्यादा समय से वे टी20 टीम से भी बाहर थे। डिकॉक के टीम में लौटने का दूसरा कारण ये भी है कि उनको रिटायरमेंट के बाद टी20 लीग में उतना पैसा नहीं मिल रहा, जितना उनको तब मिलता था जब वे देश के लिए खेलते थे।

## इंडियन फुटबॉल के लिए बुरी खबर, 2026 एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाएगी पुरुष टीम



नई दिल्ली।भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए बुरी खबर है।दरअसल, साल 2018 में एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाने के बाद भारतीय फुरुष फुटबॉल टीम का अगले साल होने वाले एशियन गेम्स में हिस्सा लेना एक बार फिर असंभव लग रहा है।बता दें कि, भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के लिए फिर सरकार की दया पर निर्भर होगी। वहीं जापान के आइची–नागोया में 20वें एशियाई खेल होने हैं।इस बहुत–खेल प्रतियोगिता का 19 सितंबर से 4 अक्टूब 2026 तक होना है।टोक्यो में 1958 और हिरोशिमा में 1994 के बाद नागोया एशियाई खेलों की मेजबानी करने वाला तीसरा जापानी शहर होगा। खेल मंत्रालय ने बुधवार 24 सितंबर 2025 को आइची–नागोया एशियाड के लिए व्यक्तिगत एथलीटों और टीमों की पात्रता के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए।ताजा स्थिति के अनुसार, एशिया में 24वें स्थान पर काबिज फुटबॉल टीम उन सख्त मानदंडों को पूरा नहीं करती है जिनके अनुसार केवल पदक जीतने की क्षमता रखने वाली टीमों और एथलीटों को ही इस महाआयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा।बता दें कि, खेल मंत्रालय की तरफ से जारी परिपत्र में कहा गया है कि फुटबॉल और हॉकी जैसे टीम खेलों और रिले, युगल और मिश्रित युगल जैसी टीम स्पर्धाओं के लिए मानक एशियाई चैंपियनशिप में शीर्ष आठ में स्थान या महाद्वी में टॉप 8 रैंकिंग होगी।

## 'शाहीन अफरीदी जान दे देगा': संभावित भारत बनाम पाक एशिया कप फाइनल पर बोले पाकिस्तानी तेज गेंदबाज




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने मंगलवार को अबू धाबी में श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर के करो या मरो वाले मुकाबले में अपनी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने इस करो या मरो वाले मुकाबले में तीन अहम विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान की एशिया कप 2025 की उम्मीदें जिंदा रहीं। मैच के बाद एक रिपोर्टर ने शाहीन से पूछा कि जब भी पाकिस्तान और भारत के बीच मुकाबला होता है, तो उन्हें कितनी कड़ी निगरानी का सामना करना पड़ता है।

पत्रकार ने पूछा, 'मेरा सवाल यह है कि जब भी पाकिस्तान-भारत मैच होता है, तो हर कोई शाहीन अफरीदी पर नजर रखता है। लेकिन पिछले 4-5 मैचों में शाहीन अफरीदी ने ऐसा प्रदर्शन नहीं किया है। तो, अगर अगले मैच में पाकिस्तान-भारत फाइनल होता है, तो क्या हम शाहीन अफरीदी का खराब फॉर्म फिर से देख सकते हैं?'। अफरीदी ने एक शरारती मुस्कान के साथ जवाब दिया, 'क्या आप मुझे ड्रॉप करने की कोशिश कर रहे हैं? (हंसते हुए)। अगर शाहीन अफरीदी पाकिस्तान से खेलेगा, तो अपनी जान भी दे देगा।'

एशिया कप में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के आक्रामक व्यवहार की कई घटनाएं भी देखने को मिलीं - प्रशंसकों और विरोधियों, दोनों के प्रति और अफरीदी से पूछा गया कि क्या यह आक्रामकता हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान जैसे खिलाड़ियों की पूर्व नियोजित रणनीति का हिस्सा थी। रऊफ जहां भारतीय प्रशंसकों का मजाक उड़ाते नजर आए, वहीं रविवार को सुपर फोर मुकाबले के दौरान फरहान के गोलीबारी वाले जश्न की भी आलोचना हुई।

अफरीदी ने कहा, 'आक्रामक होने की कोई खास योजना नहीं है, हम खेलना शुरू करने के बाद से ही आक्रामक रहे हैं। क्रिकेट इसी तरह खेला जाता है और टीम का मनोबल ऊंचा रखा जाता है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम ने संभावित भारत-पाकिस्तान फाइनल पर चर्चा की है, तो अफरीदी ने इस चर्चा को कमतर आंकते हुए कहा। उन्होंने कहा, 'हम अभी फाइनल में नहीं हैं, जब पहुंचेंगे, तब इस बारे में सोचेंगे।'

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम में मिलेगा एनपीएस जैसा टैक्स लाभ, सरकार ने जारी किए फेक्स

**नई दिल्ली**

सेवानिवृत्ति संबधी लाभों को लेकर केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के लिए बड़ी स्पष्टता दी है। वित्त सेवा विभाग (डीएफएस) ने मंगलवार को यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) पर टैक्स नियमों को स्पष्ट करने के लिए विस्तृत फेक्स जारी किए। इसमें बताया गया है कि यूपीएस पर वही टैक्स छूट और लाभ उपलब्ध होंगे, जो वर्तमान में नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में मिलते हैं।

नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, कर्मचारी की बेसिक पे और डीए का 10 प्रतिशत तक योगदान आयकर की धारा 80सीसीडी(1) के तहत टैक्स डिडक्शन के योग्य होगा। वहीं, नियोक्ता यानी सरकार द्वारा किया गया 10प्रतिशत योगदान धारा 80सीसीडी(2) के तहत कर लाभ देगा। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा 8.5 प्रतिशत तक का योगदान पूल कोरस में किया जाएगा, जिसे न तो आय माना जाएगा और न ही उस पर टैक्स लगेगा। कर्मचारियों को आंशिक निकासी की भी सुविधा दी गई है।वे अपने योगदान का 25 प्रतिशत तक का हिस्सा धारा 10(128) के तहत टैक्स मुक्त निकाल सकते हैं। सेवा निवृत्ति या नौकरी समाप्ति के समय व्यक्तिगत कोरस से पूल कोरस में ट्रांसफर भी टैक्स से मुक्त रहेगा। रिटायरमेंट पर कर्मचारी अपने कोरस का 60 प्रतिशत तक निकाल सकते हैं, जिस पर टैक्स नहीं लगेगा, जबकि शेष 40 प्रतिशत अनिवार्य रूप से पूल कोरस में जाएगा और वह भी करमुक्त रहेगा। डीएफएस ने स्पष्ट किया है कि रिटायरमेंट पर मिलने वाला एकमुश्त भुगतान (लंपसम)–जो हर छह माह की सेवा पर मासिक वेतन का 10 प्रतिशत होता है, पूरी तरह टैक्स मुक्त रहेगा।

वहीं, यदि व्यक्तिगत कोरस बेंचमार्क कोरस से अधिक है तो उस अतिरिक्त राशि का 60 प्रतिशत टैक्स मुक्त होगा और शेष 40त्न वेतन आय मानकर टैक्स लगाया जाएगा। पेंशन टैक्सेशन को लेकर भी स्पष्टता दी गई है। रिटायरमेंट के बाद यूपीएस से मिलने वाली मासिक राशि को पेंशन माना जाएगा और यह सैलरी के तहत टैक्स योग्य होगी। वहीं, कर्मचारी की मृत्यु के बाद परिवार को मिलने वाली पेंशन अन्य आय में जोड़ी जाएगी। सरकार का मानना है कि इन प्रावधानों से यूपीएस को पूरी तरह टैक्स-फ्रेंडली बनाया गया है।

# केंद्र ने दिया 70,000 करोड़ का पैकेज

## भारत की बढ़ेगी स्वदेशी शिप बनाने की क्षमता

**नई दिल्ली**

भारत में स्वदेशी को काफी महत्व दिया जा रहा है। यही वजह है कि भारतीय सेना के आधुनिक हथियार भी बनाने लगा है। इसी कड़ी में देश की समुद्री गतिविधियों और स्वदेशी शिपबिल्डिंग क्षमता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 70,000 करोड़ रुपये की घोषणा के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल जल्द ही 3 योजनाओं के एक पैकेज पर विचार कर सकता है। इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि इस आशय की घोषणा फरवरी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में की थी।बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय प्रस्तावों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के साथ चर्चा कर रहा है, जिसमें कई बदलाव और नए प्रावधान शामिल हैं। इस सिलसिले में खबर छपने के लिए जाने तक जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय को भेजे गए सवालों के जवाब नहीं मिले। बिज़नेस स्टैंडर्ड ने 4 सितंबर को बताया था कि सरकार ने बॉयर डिफॉल्ट से शिपबिल्डरों को बचाने के लिए शिपबिल्डिंग पहल में 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान भी जोड़ा है। इन प्रस्तावों में 25,000 करोड़ रुपये का मैरिटाइम डेवलपमेंट फंड (एमडीएफ), ग्रीनफील्ड शिपयार्ड के विकास, ब्राउनफील्ड शिपयार्ड और शिपबिल्डिंग पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार के लिए 25,000 करोड़ रुपये का शिपबिल्डिंग क्लस्टर प्रोग्राम और शिपबिल्डिंग में राज्यों को सहयोग देने के लिए 20,000 करोड़ रुपये की शिपबिल्डिंग फाइनैंशियल असिस्टेंस पॉलिसी शामिल है।

# मारुति और ह्युंडई की छोटी कारों का निर्यात बढ़ा, घरेलू बिक्री में गिरावट

**नई दिल्ली**

भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियां घरेलू बाजार में सुस्त मांग से जूझ रही हैं, लेकिन विदेशी बाजारों में उनके छोटे कार मॉडल धूम मचा रहे हैं। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम (एसआईएएम) के ताजा आंकड़ों से मालूम चलता है, कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त के बीच यात्री कारों का निर्यात 8.5प्रतिशत बढ़ा है, जबकि घरेलू बिक्री में उतनी ही यानी 8.5प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

रिपोर्ट के अनुसार मारुति सुजूकी ने इस अवधि में 37 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगाई, जबकि ह्युंडई मोटर इंडिया का निर्यात 12.45प्रतिशत बढ़ा। मारुति के स्विफ्ट, बलेनो और डिज़ायर जैसे मॉडल विदेशी ग्राहकों के बीच लोकप्रिय रहे और उसके यात्री कार निर्यात में 43प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। दूसरी ओर, ह्युंडई ने भी आई10 निओस जैसे कॉम्पैक्ट मॉडल के दम पर यात्री कार निर्यात में करीब 16प्रतिशत की बढ़त हासिल की।

निर्यात में मजबूती के विपरीत, घरेलू बाजार में दोनों कंपनियों की स्थिति कमजोर रही। अप्रैल-अगस्त के दौरान ह्युंडई की यात्री कारों की बिक्री में लगभग 16प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि मारुति की बिक्री में भी 6.4प्रतिशत की कमी देखी गई। यह घरेलू बाजार में कमजोर मांग और उपभोक्ताओं की सीमित खर्च करने की क्षमता का संकेत है।

### वैश्विक बाजारों में कॉम्पैक्ट कारों की पसंद

मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा, दिलचस्प है कि हमारे शीर्ष 5 निर्यात मॉडलों में सभी चार मीटर से कम लंबाई वाले हैं। यह दिखाता है कि वैश्विक ग्राहक कॉम्पैक्ट कारों को प्राथमिकता दे रहे हैं क्योंकि वे किफायती हैं, पर्यावरण पर कम असर डालते हैं और भीड़भाड़ कम करने में मदद करते हैं। वित्त वर्ष 2026 में मारुति के प्रमुख निर्यात मॉडल फोंक्स, जिम्नी, स्विफ्ट, बलेनो और डिज़ायर बताए गए हैं।

लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में बढ़ती मांगह्युंडई मोटर इंडिया के सीओओ तरुण गर्ग के अनुसार, आई10 निओस दक्षिण अफ्रीका, मेक्सिको और चिली जैसे बाजारों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वहां के ग्राहक ह्युंडई की गुणवत्ता, उन्नत फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन को सराह रहे हैं। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे विकासशील बाजारों में आय क्षमता बढ़ने और कीमत-संवेदनशील उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के चलते भारतीय ऑटो कंपनियां निर्यात पर अधिक फोकस कर रही हैं।

# टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर 10 टुकड़ों में बांट रहे

**मुंबई**




भारत के सबसे बड़े टाटा समूह की कंपनी टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर रॉकेट बन गए हैं। कंपनी के शेयरों में अच्छी तेजी दिख रही है। टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर बुधवार को बीएसई में करीब 5 प्रतिशत के उछाल के साथ 8544 रुपये पर पहुंच गया हैं। कंपनी के शेयर 52 हफ्ते की नई ऊंचाई पर जा पहुंचे हैं। टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन अपने शेयर का बंटवारा (स्टॉक स्प्लिट) करने वाली है। कंपनी 1:10 के अनुपात में शेयर बांटने जा रही है। टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिक्विडिटी सुधारने और आम निवेशकों की भागेदारी बढ़ाने के लिए शेयर का बंटवारा कर रही है। टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन पहली बार अपने शेयर का बंटवारा करेगी। टाटा ग्रुप की कंपनी अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांट रही है। कंपनी ने 22 सितंबर को रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया है कि शेयरहोल्डर्स ने शेयर बंटवारे को अपनी मंजूरी दे दी है। कंपनी 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटेगी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 4 अगस्त 2025 को स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन में लंबे अंतराल के बाद बड़ा कॉरपोरेट एक्शन देखने को मिल रहा है। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन ने दो दशक पहले बोनस शेयर जारी किए थे। कंपनी ने अगस्त 2005 में अपने निवेशकों को 1:2 के अनुपात में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 2 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा। बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 23 अगस्त 2005 थी। टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर पिछले पांच साल में 900 प्रतिशत से अधिक उछल गए हैं। टाटा ग्रुप की कंपनी के शेयर 25 सितंबर 2020 को 830.50 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 24 सितंबर 2025 को 8544 रुपये पर पहुंच गए हैं। चार साल में टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर 550 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं। पिछले तीन साल में टाटा इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में 250 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है।

# भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता पर घिरे अनिश्चितता के बादल

**नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच एक बार फिर व्यापार वार्ता पर संकट के बादल घिरते नजर आ रहे हैं। इसकी वजह बनी है अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक की चेतावनी। इसके बाद भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता पर अनिश्चितता मंडराने लगी है। लटनिक ने 14 सितंबर को कहा था कि भारत अगर अमेरिका में उगाए गए मक्के की खरीद नहीं करता है, तो उसे अमेरिकी बाजार से अपनी पहुंच खोनी पड़ सकती है। मगर भारत के कुल कृषि एवं संबद्ध उत्पादों के आयात में मक्के की हिस्सेदारी काफी कम है और यह 1 फीसदी से भी कम है। यानी भारत सीमित मात्रा में अमेरिका से मक्के का आयात करता है।बता दें कि वित्त वर्ष 2018 में अमेरिका से भारत का मक्का आयात केवल 30 लाख डॉलर का था, जो अमेरिका से कुल कृषि आयात का 0.3 फीसदी था। वित्त वर्ष 25 तक आयात घटकर 22 लाख डॉलर रह गया और हिस्सेदारी 0.1 फीसदी रह गई। भारत में कुल आवक में अमेरिका से मक्का आयात की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2018 के 19 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2025 में 0.8 फीसदी रह गई। वास्तव में, वित्त वर्ष 2018 से वित्त वर्ष 2025 के दौरान अमेरिका से भारत का सालाना मक्के का आयात औसतन करीब 20 लाख डॉलर का था। अमेरिका से भारत का कम मक्का आयात करने के दो कारण हैं।

पहला, इस पर आयात शुल्क काफी अधिक है और आनुवांशिक रूप से संशोधित (जीएमओ) मक्के पर भारत में प्रतिबंध है मगर यह अमेरिका में बड़े पैमाने पर उगाया जाता है। साल 2017-18 से आठ वर्षों के दौरान सभी देशों से भारत का कुल मक्का आयात उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन वित्त वर्ष 25 में यह एक साल पहले के मुकाबले 571 फीसदी बढ़कर 25.98 करोड़ डॉलर हो गया।

# लोकप्रिय स्मार्टफोन ओप्पो रेनो 14 5 जी दीवाली एडिशन लॉन्च



**नई दिल्ली** चाइनील कंपनी ओप्पो ने ओप्पो रेनो 14 5 जी दीवाली एडिशन लॉन्च किया है। स्मार्टफोन के रियर पैनल पर रंगोली और गोल्डन मोर की झलक देखने को मिलती है, जो इसे बाकी फोन्स से अलग बनाती है। स्पेसिफिकेशन की बात करें तो इस फोन में डायमेसिटी 8350 प्रोसेसर, 12जीबी रैम और 512जीबी स्टोरेज दी गई है। बैटरी की क्षमता 6000 एमएएच है, जिसे 80 वॉट फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट मिलता है। इसका मतलब है कि फोन कुछ ही मिनटों में फुल चार्ज हो जाएगा। इसके अलावा यह स्मार्टफोन आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ आता है, यानी यह धूल और पानी से पूरी तरह सुरक्षित है। कंपनी का दावा है कि रेनो 14 दीवाली एडिशन सिर्फ डिजाइन ही नहीं बल्कि परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मामले में भी खास है। तभारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए यह लिमिटेड एडिशन लाया गया है।

# मारुति सुजुकी अर्टिगा ने किया पहले स्थान पर कब्जा



**नई दिल्ली** अगस्त 2025 का एमपीवी सेगमेंट का सेल्स डेटा भारतीय कार बाजार में जारी हो गया है। बिक्री के मामले में मारुति सुजुकी अर्टिगा ने अपनी बादशाहत कायम रखते हुए पहले स्थान पर कब्जा किया। अगस्त में मारुति अर्टिगा की 18,445 यूनिट्स बिकीं, जो जुलाई के मुकाबले 11 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं मारुति ईको 10,785 यूनिट्स की सेल्स के साथ दूसरे नंबर पर रही, हालांकि इसकी बिक्री में 13प्रतिशत की गिरावट आई है। तीसरे स्थान पर टोयोटा इनोवा रही, जिसकी 9,304 यूनिट्स बिकीं। इनोवा की सेल्स में मामूली 2प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। इसके अलावा, किआ कैरेंस की 6,822 यूनिट्स और मारुति एक्सएल 6 की 2,973 यूनिट्स बिकीं। खास बात यह रही कि एक्सएल 6 की सेल्स में 39 प्रतिशत की जोरदार बढ़त देखने को मिली। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय बाजार में अब भी मारुति की पकड़ सबसे मजबूत है। अर्टिगा और ईको जैसे मॉडल्स किफायती दाम और भरोसेमंद परफॉर्मेंस की वजह से ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं। दूसरी तरफ, इनोवा और कैरेंस जैसे प्रीमियम मॉडल्स को उन ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है जो ज्यादा फीचर्स और स्पेस चाहते हैं।

# स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 पर भारी डिस्काउंट का ऐलान

**नई दिल्ली** सैमसंग कंपनी ने अपने प्रीमियम स्मार्टफोन गैलेक्सी एस24 पर भारी डिस्काउंट का ऐलान किया है। वहीं स्पेसिफिकेशन की बात करें तो गैलेक्सी एस24 में 6.2 इंच का अमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देता है। फोन को अब ग्राहक महज रुपए 39,999 (128जीबी) और रुपए 44,999 (256जीबी) की कीमत पर खरीद सकते हैं। जबकि इसकी असली कीमत रुपए 74,999 थी। यानी ग्राहकों को करीब 35 हजार रुपये तक का सीधा फायदा मिल रहा है। कैमरा सेटअप में 50एमपी का प्राइमरी सेंसर, अल्ट्रा-वाइड और टेलीफोटो लेंस के साथ ट्रिपल रियर कैमरा शामिल है। फोन में 4000 एमएएच की बैटरी है, जो पूरे दिन का बैकअप देने में सक्षम है। पावर के लिए इसमें स्नैपड्रेगन 8 जेन 3 एडिशन प्रोसेसर मौजूद है, जो स्मूद मल्टीटास्किंग और हाई-एंड गेमिंग के लिए ऑप्टिमाइज्ड है। एंड्रॉयड 14 बेस्ड वनयूआई पर चलने वाला यह फोन 5जी कनेक्टिविटी और सैमसंग के लेटेस्ट एआई फीचर्स के साथ आता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस डिस्काउंट के बाद गैलेक्सी एस 24 प्रीमियम सेगमेंट में सबसे ज्यादा वैल्यू-फॉर-मनी स्मार्टफोन साबित होगा।

# जिओ पेमेंट बैंक ने सेविंग प्रो नाम से एक नया फीचर लांच किया

**मुंबई** जिओ पेमेंट बैंक ने सेविंग प्रो नाम से एक नया फीचर लांच किया है, जो ग्राहकों को उनके बचत खाते में पड़े अतिरिक्त पैसों से कमाई करने का एक स्मार्ट तरीका देता है। इस सुविधा के जरिए आप अपने सेविंग्स अकाउंट में एक तय सीमा से ज़्यादा की रकम को अपने आप म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं।इस नए फीचर के तहत ग्राहक अपने खाते में एक न्यूनतम बैलेंस लिमिट तय करेगा, जो 5,000 से शुरू होती है। इस सीमा से अधिक जमा राशि अपने आप म्यूचुअल फंड में निवेश हो जाएगी। दैनिक निवेश की अधिकतम सीमा 1.50 लाख तक निर्धारित की गई है, जिससे बड़ी रकम का भी निवेश सहजता से किया जा सके। जरूरत पड़ने पर ग्राहक अपने निवेश का 90 प्रतिशत हिस्सा तुरंत निकाल सकते हैं, लेकिन निकासी की सीमा 50,000 तक सीमित है। यदि इससे अधिक राशि निकालनी हो, तब म्यूचुअल फंड की सामान्य सेटलमेंट प्रक्रिया लागू होगी। सभी ग्राहकों को इस सुविधा में न कोई एंट्री चार्ज है और न ही एग्जिट चार्ज, और न ही कोई लॉक-इन पीरियड। इसका मतलब है कि आप कभी भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपना पैसा निकाल सकते हैं। पिछले दो सालों के आंकड़ों के अनुसार, इस तरह के निवेश ने औसतन 6.5 प्रतिशत का सालाना रिटर्न दिया है। हालांकि, यह बाज़ार के जोखिम पर निर्भर करता है, इसलिए रिटर्न में बदलाव हो सकता है। ग्राहकों के लिए ये सुविधा जिओ फाइनेंस एप पर उपलब्ध है। इसके बारे में जिओ पेमेंट बैंक के एमडी और सीईओ, विनोद ईश्वरन ने ग्राहकों के लिए एक डिजिटल और आसान तरीका बताया है जिससे वे अपने बचत खाते के पैसों से अतिरिक्त कमाई कर सकें। यह उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो बिना ज़्यादा झंझट के अपने पैसे को बढ़ाना चाहते हैं।

# सोने और चांदी की कीमतों में नरमीं

**नई दिल्ली** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतें घटीं हैं। इस सप्ताह लगातार दो दिन शीर्ष पर पहुंचने के बाद तीसरे दिन सोने और चांदी की कीमतें घटीं हैं। आज सुबह घरेलू बाजार में सोने के भाव 1,13,500 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,34,600 रुपये के करीब रहे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर अनुबंध आज 336 रुपये नीचे आकर 1,13,500 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,13,836 रुपये था। यह अनुबंध 366 रुपये की नीचे आकर 1,13,470 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 13,500 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,13,253 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर तक गया। वहीं सोने के वायदा भाव इस सप्ताह 1,14,179 रुपये के भाव के साथ ही सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध आज 436 रुपये की गिरावट के साथ 1,34,626 रुपये पर खुला। वहीं पिछला बंद भाव 1,35,062 रुपये था। यह कॉन्ट्रैक्ट 462 रुपये की गिरावट के साथ 1,34,600 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,34,661 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,34,251 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। चांदी के वायदा भाव ने इस सप्ताह 1,35,700 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,796.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव3,815.70 डॉलर प्रति औंस था। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 44.26 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 44.60 डॉलर था। ।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 386 अंक, निफ्टी 112 अंक गिरा

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 386.47 अंक नीचे आकर 81,715.63 पर और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.60 अंक टूटकर 25,056.90 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान वाहन शेयरों में गिरावट से बाजार पर दबाव आया। निफ्टी ऑटो 1.15 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके अलावा निफ्टी आईटी 0.72 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.53 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.68 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 2.49 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.89 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.47 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 0.18 फीसदी उछलकर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में पावर ग्रिड, एचयूएल, एनटीपीसी, एचीसीएल टेक, मारुति सुजुकी, एलएंडटी, एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस के शेयर नीचे आये । इसके अलावा टाटा मोटर्स, बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। जीएसटी सुधारों के बाद बाजारों में मुनाफावसूली से गिरावट दर्ज की गयी है। वहीं एच-1बी शुल्क वृद्धि के कारण आईटी शेयरों में गिरावट आई है। वहीं व्यापार वार्ताओं और कमजोर वैश्विक संकेतों से निवेशक बाजार से दूसरी बनाये हुए हैं।

इसे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स करीब 200 अंक नीचे आकर 81,917.65 पर खुला जबकि सुबह यह 257.47 अंक या 0.31 फीसदी की गिरावट लेकर 81,844.63 पर था। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी गिरावट के साथ ही 25,108.75 पर खुला।

वहीं आज सुबह एशियाई बाजारों की शुरुआत कमजोर रही। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.4 फीसदी नीचे रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.35 फीसदी गिरा। वहीं दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.45 फीसदी गिरा है। वॉल स्ट्रीट की बड़ी टेक कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार का एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स 0.95 फीसदी व डॉव जोन्स लगभग 0.2 फीसदी उछला।

# आरबीआई का बैंकों को तीन महीने का अल्टीमेटम कहा-बिना दावे की राशि का तेजी से हो निपटान

**नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने सभी बैंकों को तीन महीने का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना दावे की राशि का तेजी से निपटान करें। अक्टूबर से दिसंबर के अंदर बिना दावे वाली धनराशि- जमा, लाभांश, ब्याज वारंट, पेंशन आदि का निपटान तेज करने के लिए कहा है। आरबीआई ने निर्देशित करते हुए कहा है कि बैंकों को बिना दावे वाली जमा राशियों की जिलावार सूची तैयार करें और संबंधित शाखाओं के साथ साझा करें ताकि सही दावेदारों से संपर्क किया जा सके।

एसएलबीसी को राज्य और जिला आधार पर बिना दावे वाली जमा राशि के आंकड़े की समीक्षा करने के लिए कहा गया है ताकि सदस्य बैंकों को उचित रणनीति प्रदान की जा सके। समिति को राज्य सरकार के विभागों और एजेंसियों के साथ प्रभावी तरीके से संपर्क करने और राज्य सरकार से संबंधित शिविरों के लिए स्थान, दावेदारों के चयन में सक्रिय सहायता करने, मृत्यु पंजीकरण आदि का सत्यापन करने के लिए कहा गया है। बैंकों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है कि वे इस पहल को सफल बनाने और बैंकिंग तंत्र से बिना दावे वाली धनराशि को कम करने में व्यक्तिगत स्तर ध्यान दें। बैंकिंग नियामक ने बैंकों को भेजे पत्र में कहा है वित्तीय स्थायित्व और विकास परिषद (एफएसडीसी) की हालिया बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिना दावे वाली धनराशि के निपटान के लिए जिला स्तर पर सप्ताह भर संयुक्त शिविर लगाए जाएं।

इस तरह का पहला शिविर अक्टूबर के पहले सप्ताह के दौरान गुजरात में लगाया जाएगा और दिसंबर तक देश भर में इस तरह के और शिविर आयोजित किए जाएंगे। राज्य स्तरीय बैंकरों की समिति (एसएलबीसी) को संबंधित राज्यों में इस पहल का नेतृत्व करने का जिम्मा सौंपा गया है। एसएलबीसी को विशेष अभियान अवधि यानी अक्टूबर से दिसंबर के दौरान अधिकतम दावा निपटान का प्रयास करने के लिए कहा गया है।


### इन खाता धारकों को मिलेगा लाभ

ऐसे बचत या चालू खाते जिनका संचालन 10 वर्षों से नहीं किया गया हो उनमें जमा राशि या ऐसी सावधि जमा जो परिपक्वता की तारीख से 10 वर्षों के भीतर दावा नहीं की जाती हैं, उन्हें बिना दावे वाली जमा राशि' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

आरबीआई के नियम के मुताबिक बैंकों को ऐसे पैसे को जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता (डीईए) निधि में स्थानांतरित करना होता है। हालांकि जमाकर्ता बाद की तारीख में भी संबंधित बैंकों से जमा राशि का दावा कर सकते हैं।

# एप्पल ने लांच की नई आईफोन 17 सीरीज

**नई दिल्ली** हाल ही में एपल ने अपनी नई आईफोन 17 सीरीज लॉन्च की है। संभावना जताई जा रही है कि अब एप्पल जल्द ही मुड़ने वाला यानी फोल्डेबल आईफोन भी लॉन्च कर सकता है। एप्पल अगले साल आईफोन 18 सीरीज के साथ इस डिवाइस को पेश कर सकता है। हालिया रिपोर्ट में ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन ने बताया है कि एप्पल का फोल्डेबल आईफोन ऐसा लग सकता है जैसे दो टाइटेनियम आईफोन एयरर्स को एक साथ जोड़ दिया हो। इससे एप्पल को एक पतला, स्लीक फोल्डेबल डिजाइन मिल सकता है। यह डिवाइस न सिर्फ ड्यूरेबिलिटी में बेहतर होगा बल्कि प्रीमियम फील भी देगा। सैमसंग समेत कुछ स्मार्टफोन ब्रांड अब इस सेगमेंट में काफी बेहतर हो गए हैं ऐसे में एपल फैंस को थोड़ा डर है कि ये डिवाइस डेली लाइफ में कैसा परफॉर्म करेगा। एप्पल के फोल्डेबल डिवाइस में आईफोन एयर जैसा टाइटेनियम फ्रेम और स्टेनलेस स्टील के कॉम्बिनेशन से डिवाइस का हिंज बनाया जा सकता है। इससे फोन को बेहतर मजबूती मिलेगी। रिपोर्ट्स में ऐसा भी कहा जा रहा है कि फोल्डेबल आईफोन की कीमत 2,000 डॉलर या उससे ज्यादा भी हो सकती है, जिससे यह एप्पल का अब तक का सबसे महंगा डिवाइस भी बन जाएगा। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि फोल्डेबल आईफोन में 5.5 इंच का एक्सटर्नल डिस्प्ले देखने को मिल सकता है।



## मनोज बाजपेयी ने किया कन्फर्म 'द फैमिली मैन' के सीजन 3 पर चल रहा काम

अभिनेता मनोज बाजपेयी की मशहूर वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' को रिलीज हुए शनिवार को 6 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर अभिनेता ने सीरीज से जुड़ी कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं। साथ ही मनोज ने तीसरे सीजन को लेकर भी एक महत्वपूर्ण अपडेट फैंस के साथ साझा की। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी ने इंस्टाग्राम पर शो के पहले भाग की कई तस्वीरें साझा की हैं। इन्हें शेयर करते हुए मनोज बाजपेयी ने कैप्शन में लिखा- द फैमिली मैन सीजन 1 को रिलीज हुए 6 साल हो गए हैं और यह एक कल्ट क्लासिक बन गया है। सीजन 3 का क्या? बस समझ लो ऑपरेशन जारी है।

इस सीरीज का पहला पार्ट 2018 में रिलीज हुआ था। यह एक स्पाई एक्शन-थ्रिलर स्ट्रीमिंग वेब सीरीज है। इसके निर्माता राज और डीके हैं। सीरीज में मनोज बाजपेयी ने श्रीकांत तिवारी का रोल प्ले किया है, जो एक मध्यमवर्गीय व्यक्ति हैं और राष्ट्रीय जांच एजेंसी में काम करते हैं। वह इसमें थ्रेट एनालिसिस एंड सर्विलांस सेल (टीएएससी) के एक खुफिया एजेंट के रूप में लोगों को बहुत पसंद आए। पहले सीजन में प्रियामणि, शरद केलकर, नीरज माधव, शारिब हाशमी, दलीप ताहिल, सनी हिंदुजा और श्रेया धनवंतरी जैसे सितारे दिखाई दिए। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु को इस सीरीज के दूसरे सीजन में खलनायक की भूमिका में काफी पसंद किया गया। दूसरे सीजन में श्रीकांत तिवारी टीएएससी छोड़कर परिवार के साथ रहने लगते हैं, लेकिन जैसे ही देश पर खतरा मंडराने लगता है, तो वह नौकरी छोड़ फिर से फोर्स में चले जाते हैं। अब इसके तीसरे सीजन का इंतजार दर्शकों को है। बताया जा रहा है कि इसे इस साल अक्टूबर के अंत तक रिलीज किया जा सकता है। तीसरे सीजन में जयदीप अहलावत खलनायक की भूमिका में दिखाई देंगे। मनोज बाजपेयी को पिछली बार फिल्म इंस्पेक्टर जेंडे में देखा गया था। इसमें वे लीड रोल में थे। फिल्म में जिम सर्भ, सचिन खेडेकर, गिरिजा ओक और भालचंद्र कदम जैसे कलाकार भी अहम किरदार में दिखाई दिए। इसी के साथ ही उनकी फिल्म जुगनुमा हाल ही में रिलीज हुई है। इस फिल्म को राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है।



## टीवी इंडस्ट्री के थकाऊ वर्क कल्चर पर बोलीं नायरा बनर्जी

टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने टीवी इंडस्ट्री के थकाऊ वर्क कल्चर पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे लंबे समय तक शूटिंग करने से कलाकारों की सेहत, नींद और परफॉर्मेंस पर असर पड़ता है। नायरा बनर्जी ने कहा है कि एक्टर्स को अच्छा काम तभी मिल सकता है जब वे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। हफ्ते में एक दिन की छुट्टी या कम से कम आधे दिन का ब्रेक जरूरी होना चाहिए ताकि कलाकार अपने परिवार, निजी जिंदगी और खुद के लिए समय निकाल सकें।

उन्होंने बताया कि बिना आराम के कोई भी कलाकार अपने किरदार को पूरी ऊर्जा और भावनाओं के साथ नहीं निभा सकता। नायरा बनर्जी ने कहा, टीवी इंडस्ट्री में 15-15 घंटे की शूटिंग आम बात है, जो बेहद थकाऊ होती है। जब भी मैं कोई नया शो साइन करती हूं, तो पहले ही यह तय कर लेती हूं कि हफ्ते में कम से कम एक दिन की छुट्टी जरूर मिले। मैं चाहती हूं कि काम और जिंदगी के बीच एक संतुलन बना रहे, ताकि ना सिर्फ मेरा प्रोफेशनल काम अच्छा हो बल्कि मेरी पर्सनल लाइफ भी ठीक चले। अगर एक्टर्स को खुद के लिए समय नहीं मिलेगा, तो नतीजे उनके काम और सेहत दोनों पर नजर आएंगे।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इस समय कोई टीवी शो करना चाहेंगी, तो उन्होंने कहा, हां, लेकिन सिर्फ अपनी शर्तों पर। अगर रोल दमदार हो, शूटिंग की जगह पास में हो जैसे कि फिल्म सिटी, डायरेक्टर अच्छा हो, चैनल भरोसेमंद हो, और मेहनताना ठीक-ठाक हो, तो मैं शो करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि वह अब समझदारी से प्रोजेक्ट्स चुनती हैं और किसी भी तरह के दबाव में आकर काम नहीं करना चाहतीं।

अपने करियर के बारे में बात करते हुए नायरा बनर्जी ने कहा, मैं खुद को लकी मानती हूं क्योंकि मुझे कभी किसी एक छवि में नहीं बांधा गया। इंडस्ट्री में अक्सर एक्टर्स को टाइपकास्ट कर दिया जाता है, लेकिन मैंने टीवी, साउथ इंडियन फिल्म्स और वेब सीरीज तीनों में काम किया है। इसी वजह से मुझे कभी सिर्फ टीवी एक्ट्रेस या साउथ एक्ट्रेस नहीं कहा गया। मैंने हर मीडियम में काम करके खुद को साबित किया है। नायरा बनर्जी का मानना है कि आज के समय में हर प्लेटफॉर्म की अपनी खास ऑडियंस है। उन्होंने कहा, मुझे एक्टिंग से प्यार है, और मैं हर उस काम को करना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दे। चाहे वह वेब सीरीज हो, फिल्म हो या टीवी शो, अगर कंटेंट अच्छा है और किरदार में दम है, तो मैं जरूर उस प्रोजेक्ट को चुनूंगी।

## उम्र संबंधी सवाल पर भड़कीं लक्ष्मी मांचू

अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू ने तेलंगाना फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (टीएफसीसी) में औपचारिक रूप से एक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक पत्रकार ने हाल ही में एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान उनके रूप और उम्र को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। अभिनेत्री ने पत्रकार पर 47 साल की उम्र में उनके पहनावे के बारे में सवाल करने पर अपमान और अनादर का आरोप लगाया है।

### जवाबदेह ठहराए जाने की मांग की

खबरों के मुताबिक मांचू ने टीएफसीसी को एक लिखित बयान सौंपकर अपने साथ हुए व्यवहार के बारे में बताया। उन्होंने दावा किया कि ये टिप्पणियां न केवल शर्मसार करने वाली थीं, बल्कि अपमानजनक भी थीं। अभिनेत्री ने चैंबर से अनुरोध किया है कि वह इस घटना का संज्ञान ले और पत्रकार को जवाबदेह ठहराए।

### अभिनेत्री ने लिखा खत

अपने लिखित बयान में अभिनेत्री ने लिखा भारत एक ऐसा देश है जो महिलाओं को शक्ति के रूप में पूजता है, फिर भी जब हम काम करने के लिए बाहर निकलते हैं, तो हमें अपमान और अनादर का सामना करना पड़ता है। यह जारी नहीं रह सकता। मैं न केवल खुद के प्रति, बल्कि उन सभी महिलाओं के प्रति भी ऋणी हूं जो मुझसे प्रेरणा लेती हैं कि मैं इस मुद्दे को उठाऊं।

### उम्र संबंधी सवाल पर नाराज हुई अभिनेत्री

हाल ही में एक प्रमोशनल इवेंट में एक पत्रकार ने लक्ष्मी मांचू से 47 साल की उम्र में उनके पहनावे के बारे में पूछा। इस सवाल से अभिनेत्री नाराज हो गईं और उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूछा कि क्या वह पुरुष अभिनेता से भी यही सवाल पूछेंगे।

### सुर्खियों में रही हैं लक्ष्मी

अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू हाल ही में तब सुर्खियों में आईं जब ईडी ने उनसे एक अवैध सट्टेबाजी ऐप को बढ़ावा देने के मामले में पूछताछ की। लक्ष्मी मांचू ही एकमात्र सेलेब्रिटी नहीं हैं जो जांच के घेरे में हैं। इस मामले में अभिनेता प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा और राणा दग्गुबाती से भी पूछताछ की जा चुकी है।



## इंसानियत को कभी नहीं भूलना शाहरुख की सबसे बेहतरीन बात

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड रिलीज हो चुकी है। इसमें बॉबी देओल एक सुपरस्टार अजय तलवार की भूमिका निभा रहे हैं। बॉबी देओल और शाहरुख खान की दोस्ती बहुत पुरानी है। सीरीज के प्रमोशन के दौरान बॉबी देओल ने आईएएनएस से अपनी 3 दशक पुरानी दोस्ती पर बात की। बॉबी देओल ने कहा, शाहरुख जिस तरह के इंसान हैं, यही वजह है कि आज वे इस मुकाम पर हैं। वह जमीन से जुड़े हुए हैं और परिवार को लेकर बहुत सजग रहते हैं। मुझे यकीन है कि बस एक ही बात उन्हें आगे बढ़ने में मदद करती है, वह यह कि वह अपने परिवार के लिए हमेशा मौजूद रहना चाहते हैं और मुझे लगता है कि हर माता-पिता में यही समानता होती है। हालांकि इन 30 सालों में हम कभी एक-दूसरे के ज्यादा संपर्क में नहीं रहे, लेकिन जब भी हम मिलते हैं तब ऐसा नहीं लगता कि हम लंबे समय बाद मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हर बार शाहरुख आपको बहुत खास महसूस कराते हैं। वह हमेशा आपको प्यार और स्नेह देते हैं और ये बहुत मायने रखता है। इसका बहुत मतलब है। वह हमेशा अपनी सीमा से हटकर काम करते हैं। वह सबसे अच्छे और दयालु इंसान हैं, भले ही वह इतने बड़े स्टार बन गए हों। बॉबी देओल कहते हैं, उन्होंने वह गुण नहीं खोया। मुझे लगता है कि यह बात शो में मेरे सह-कलाकारों समेत सभी को जो उनसे प्रेरणा लेते हैं, ध्यान में रखनी चाहिए कि अपनी इंसानियत कभी न खोएं। मुझे लगता है कि शाहरुख के बारे में यही अविश्वसनीय और बेहतरीन बात है।

इससे पहले बॉबी देओल ने कहा था कि इस सीरीज के लिए उन्होंने बिना स्क्रिप्ट पढ़े ही हां कर दिया था। लेकिन इसके निर्देशक आर्यन खान ने स्क्रिप्ट सुनने पर जोर दिया तो वह उनसे मिलने गए थे। यह मीटिंग 7 घंटे तक चली थी। इस दौरान उन्हें समय का पता ही नहीं चला। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इसे गौरी खान ने प्रोड्यूस किया है। आर्यन खान ने बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान के साथ मिलकर इसकी कहानी लिखी है।





## अक्षय-सैफ की फिल्म हैवान में कैमियो करेंगे मोहनलाल

**मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन इन दिनों अपनी अपकमिंग हिंदी फिल्म हैवान में व्यस्त हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में होंगे। एक इंटरव्यू में फिल्म निर्माता ने आखिरकार फिल्म के बारे में एक बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने बताया है कि मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल इस फिल्म में नजर आएंगे। उन्होंने उनके किरदार को लेकर भी बात की है।**

### कहानी पर ध्यान देते हैं प्रियदर्शन

हाल ही में बातचीत में प्रियदर्शन से पूछा गया कि क्या वह अक्षय और मोहनलाल के साथ एक पूरी फिल्म बनाने की सोच रहे हैं? इस पर प्रियदर्शन ने कहा अगर आप मुझसे हैवान के बारे में पूछ रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं। हालांकि वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।

### कलाकारों के पीछे नहीं भागते प्रियदर्शन

प्रियदर्शन ने आगे कहा फिल्म बनाने के लिए सबसे पहले स्क्रिप्ट होती है। फिर एक्टर आते हैं। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं मोहनलाल और अक्षय कुमार को साथ लेकर फिल्म बनाऊंगा। अगर आप अभिनेता को ध्यान में रखकर फिल्म बनाएंगे तो आपको कभी स्क्रिप्ट ही नहीं मिलेगी। जब भी आपको कोई स्क्रिप्ट मिले, तो सही कलाकारों के पीछे लग जाएं। यही फिल्म बनाने का सही तरीका है।

### हेरा फेरी 3 फिल्म विवाद पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की पॉपुलर फ्रेंचाइजी हेरा फेरी की आगामी फिल्म हेरा फेरी 3 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। बीते महीनों इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था, जिसकी मुख्य वजह परेश रावल थे, क्योंकि उन्होंने अचानक फिल्म छोड़ने का मन बना लिया था। हालांकि बाद में सब कुछ ठीक हो गया था। इस मामले पर बीते दिनों परेश रावल ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा, 'मुझे और परेश को कभी कोई समस्या नहीं हुई। जहां तक मुझे पता है, अक्षय और परेश को भी कभी कोई दिक्कत नहीं हुई। कुछ और लोग थे, जो परेश पर दबाव बना रहे थे। परेश रावल एक ऐसे इंसान हैं, जैसे आप जानते हैं कि जो लोग डरते हैं कि मैं बीमार हूं और इसे लेकर बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं। हालांकि समस्या कोई और है। इसलिए वो डरते हैं, लेकिन हमारे रिश्ते पर इसका कोई असर नहीं हुआ।'

### हैवान के बारे में

प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म हैवान बन रही है। मोहनलाल इसमें कैमियो रोल करेंगे। यह फिल्म मोहनलाल की फिल्म ओप्पम (2016) पर आधारित बताई जा रही है। हैवान ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें समुथिरकानी, सैयामी खेर, श्रेया पिलगांवकर, असरानी और ईनार हेराल्डसन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in